26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 15 जून, 2026
अंक- 231 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# अमेरिका-ईरान जंग खत्म करने पर राजी

## 19 जून को होंगे दस्तखत

## होर्मुज फिर खुलेगा

**तेहरान/वॉशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)**। अमेरिका और ईरान रविवार को जंग खत्म करने के लिए शांति समझौते पर राजी हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान के साथ समझौता अब पूरा हो गया है। वहीं ईरान ने बयान जारी कर कहा कि अमेरिका के साथ कई महीनों तक चली लंबी और मुश्किल बातचीत के बाद दोनों देशों ने एक डील यानी MoU को अंतिम रूप दे दिया है। ट्रम्प ने कहा कि इस समझौते के तहत होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोला जाएगा। उन्होंने ईरानी बंदरगाहों पर लगी अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी को तुरंत हटाने की मंजूरी दे दी है। ट्रम्प ने अपने पोस्ट में लिखा, 'दुनिया के जहाजो, अपने इंजन चालू कर लो। तेल को बहने दो।' पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि दोनों




### ट्रम्प बोले- दुनिया के जहाजो, इंजन चालू करो, तेल को बहने दो

देश पीस डील पर 19 जून को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में दस्तखत करेंगे। अगर ऐसा होता है तो यह 47 साल में तेहरान और वॉशिंगटन के बीच हाई लेवल की बैठक होगी। ईरान-अमेरिका के बीच हुए समझौते का पूरा दस्तावेज अभी जारी नहीं किया गया है। हालांकि, ईरानी मीडिया के मुताबिक दोनों देशों के बीच हुए समझौता ज्ञापन (MoU) में कुछ अहम बातें शामिल हैं।

VINAYAK COLLEGE
विद्या ददाति विनयं
**विनायक कॉलेज**
नगीना रोड, बिजनौर
तुरन्त आवश्यकता
कार्यालय हेतु युवक/युवती की, जिसे कम्प्यूटर पर हिंदी-अंग्रेजी टाइपिंग एवं कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो। आकर्षक वेतन योग्यता व अनुभवानुसार। इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा के साथ कॉलेज परिसर में सम्पर्क करें- मो. 9927765646, 9412713240

# जेवर के नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानें शुरू

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी/चिंगारी)**। उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आज वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन शुरू हो गया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के.राम मोहन नायडू की मौजूदगी में लखनऊ से आई इंडिगो की पहली विशेष उड़ान 6ई2278 का पारंपरिक वाटर कैनन सैल्यूट के साथ रनवे पर स्वागत किया गया। वहीं, लखनऊ जाने वाली विशेष उड़ान 6ई5212 को श्री नायडू और अन्य गणमान्य अतिथियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद बेंगलुरु के लिए विशेष उड़ान रवाना हुई। श्री नायडू ने इससे पहले जेवर के उन किसानों से भी बात की जो विशेष उड़ान से लखनऊ गये हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विमानन क्षेत्र के विकास पर और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली-एनसीआर का दूसरा बड़ा हवाई अड्डा बन गया है। इंडिगो की आज यहां से आठ उड़ानों की योजना है, जिनमें चार आगमन और चार प्रस्थान की उड़ानें शामिल हैं। मंगलवार से अकासा भी यहां से उड़ानों का परिचालन शुरू कर रही है। इंडिगो यहां से 16 से अधिक शहरों को सीधे जोड़ेगी। इस हवाई अड्डे का निर्माण ज्युरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएपीएल) ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 28 मार्च को हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था। अभी हवाई अड्डे के विकास का पहला चरण ही पूरा हुआ है, इसमें एक रनवे और एक टर्मिनल भवन के साथ परिचालन शुरू किया जा रहा है जिसकी सालाना क्षमता 1.2 करोड़ यात्रियों की है। कुल चार चरणों में इसका विकास किया जाना है।




**M D COLLEGE BIJNOR**
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-2622729412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

**SB COLLEGE**
SBC
NIOS
(Ministry of Education, Govt. of India)
DNYS (2½ Years)
G.J.U., MORADABAD
BA LLB (5 Years)
LLB (3 Years)
ADMISSION OPEN
100% SCHOLARSHIP
6 KM Mile Stone, Bijnor- Noorpur Road, Near Dharampura, Bijnor- 246728 (U.P.)
7251999223, 9711144628, 7251999225

# राशि परिवर्तन : सूर्यग्रह ने बदली अपनी चाल

## सूर्यग्रह वृषभ से आए मिथुन राशि में

### ❖ मिथुन राशि के सूर्य का विश्वपटल पर पड़ेगा प्रभाव
### ❖ मेष, सिंह, कन्या एवं मकर राशि वाले होंगे विशेष लाभान्वित

भारतीय ज्योतिष में सूर्यग्रह का नवग्रहों में प्रमुख स्थान है। ज्योतिष की गणना के अनुसार मेष राशि से मीन राशि तक सूर्यग्रह प्रत्येक मास राशि बदलते हैं, जिसका व्यापक प्रभाव पूरे विश्व में देखने को मिलता है। प्रख्यात ज्योतिर्विद् श्री विमल जैन ने बताया कि सूर्यग्रह वृषभ से मिथुन राशि में आज 15 जून, सोमवार को दिन में 12 बजकर 53 मिनट से प्रवेश करके इसी राशि में 16 जुलाई, गुरुवार को रात्रि 11 बजकर 39 मिनट तक रहेंगे। इस एक माह की यह अवधि मिथुन संक्रान्ति के नाम से जानी जाएगी। मिथुन संक्रान्ति का सामान्य पुण्यकाल आज 15 जून, सोमवार को प्रात: 6 बजकर 29 मिनट से संक्रान्ति काल तक तत्पश्चात् विशेष पुण्यकाल संक्रान्ति काल से सूर्यास्त तक रहेगा। संक्रान्तिकाल में गंगा स्नान करके ब्राह्मण को यथासामर्थ्य विविध उपयोगी वस्तुओं का दान करने की विशेष महिमा है। ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि ग्रहों के योग के फलस्वरूप विश्व क्षितिज पर अनेकानेक अप्रत्याशित घटनाएं देखने को मिलेंगी। सूर्य संक्रान्ति के दिन सूर्य, चंद्र, बुध-मिथुन राशि में; मंगल-मेष राशि में; गुरु, शुक्र-कर्क राशि में; शनि-मीन राशि में; राहु-कुम्भ राशि में तथा केतु-सिंह राशि में विराजमान रहेंगे। ग्रहों के योग के फलस्वरूप सम्भावित घटनाएं- सम्पूर्ण विश्व में विशेष घटनाएं तो प्रभावित होंगी ही, साथ ही जनमानस पर भी इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। राजनैतिक उथलपुथल, देश-विदेश के राजनैतिक घटनाक्रम में अचानक तेजी से नये स्वरूप व गतिविधियां देखने को मिलेंगी। शेयर, वायदा, धातु एवं मुद्रा बाजार में विशेष हलचल देखने को मिलेगी। महंगाई से जनता को रूबरू होना पड़ेगा। कहीं-कहीं पर वर्षा से भू-स्खलन की आशंका बनी रहेगी। दैविक एवं प्राकृतिक आपदाएं, जल-थल वायु दुर्घटनाओं का प्रकोप तथा कहीं-कहीं पर आगजनी की आशंका बनी रहेगी। कई देशों में सत्ता परिवर्तन व पक्ष-विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति बनी रहेगी। मौसम में भी अजीबो-गरीब परिवर्तन होगा। धार्मिक पक्ष की ओर जनमानस की आस्था बढ़ेगी। आर्थिक व राजनैतिक घोटाले भी शासक-प्रशासक पक्ष के लिए नई मुश्किलें पैदा करेंगी। श्री विमल जैन ने बताया कि ग्रहों के योग के फलस्वरूप द्वादश राशियों का प्रभाव भी देखने को मिलेगा। मिथुन राशि के सूर्य से मेष, सिंह, कन्या एवं मकर राशि वालों को विशेष लाभ मिलेगा।



### सूर्यग्रह को ऐसे करें प्रसन्न

सूर्यग्रह की प्रसन्नता के लिए अपने आराध्य देवी-देवता की आराधना के साथ सूर्यग्रह की भी अर्चना नियमित रूप से करनी चाहिए। नित्य प्रतिदिन प्रात:काल स्नान, ध्यान के पश्चात् सूर्य भगवान को ताम्रपात्र में रोली, अक्षत एवं लाल फूल डालकर अर्घ्य अर्पित करना चाहिए। साथ ही सूर्यग्रह के मन्त्र का जप, श्रीआदित्यहृदय स्तोत्र, श्रीआदित्यकवच, श्रीसूर्यसहस्रनाम आदि का पाठ भी करना चाहिए। रविवार के दिन व्रत या उपवास रखकर दिन में 12 बजे से 3 बजे के मध्य बिना नमक का फलाहार करना चाहिए तथा मध्याह्न के समय सूर्यग्रह से सम्बन्धित लाल रंग की वस्तुएं जैसे—लाल वस्त्र, गेहूं, गुड़, तांबा, लाल फूल, चन्दन आदि विविध उपयोगी वस्तुएं नगद दक्षिणा सहित ब्राह्मण को संकल्प के साथ देना चाहिए।



**-ज्योतिर्विद् श्री विमल जैन**
मो. 09335414722

**मेष**—कार्यों में प्रगति। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता। यात्रा सकुशल। कर्ज अदायगी का प्रयास। मनोरंजन में रुचि।

**वृषभ**—आरोग्य सुख में कमी। आलस्य की अधिकता। नेत्र विकार। दाम्पत्य जीवन में तनाव। आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति।

**मिथुन**—दिनचर्या अव्यवस्थित। आपसी तालमेल का अभाव। क्रोध से तनाव। यात्रा में प्रतिकूलता।

**कर्क**—कार्य क्षमता में कमी। पारिवारिक मतभेद। व्यावसायिक चिन्ता। व्यय की अधिकता। यात्रा में निराशा।

**सिंह**—नवसम्पर्क का सुयोग। शत्रु परास्त। लाभार्जन का सुयोग। आरोग्य सुख की प्राप्ति। यात्रा सफलतादायक।

**कन्या**—कार्य व्यवसाय में लाभ। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता। यात्रा सकुशल। कर्ज अदायगी का प्रयास। मनोरंजन में रुचि।

**तुला**—व्यावसायिक पक्ष से चिन्ता। पारिवारिक मतभेद। मिला-जुला प्रभाव। विरोधियों का वर्चस्व।

**वृश्चिक**—पारिवारिक मानसिक अशान्ति। किसी से विश्वासघात की आशंका। वाहन से चोट-चपेट की संभावना। आर्थिक हानि।

**धनु**— आर्थिक व्यवसायिक पक्ष में निराशा। विरोधियों का वर्चस्व। जोखिम से नुकसान। कर्ज की अधिकता।

**मकर**—मित्रों, परिजनों से नवयोजना पर विचार-विमर्श। लाभ का मार्ग प्रशस्त। बुद्धि विवेक से तनाव में कमी। राजकीय लाभ।


**कुम्भ**—व्यावसायिक प्रगति में बाधा। स्वास्थ्य को लेकर चिन्ता। पारिवारिक मतभेद उजागर। शारीरिक मानसिक कष्ट।

**मीन**—आर्थिक व्यावसायिक लाभ में कमी। पारिवारिक अशान्ति। नेत्र विकार। आपसीजनों से कष्ट। कर्ज से परेशानी।

जिन्हें सूर्यग्रह का अनुकूल फल न मिल रहा हों, उन्हें अपने कार्यों में सूझ-बूझ व सतर्कता बरतनी चाहिए साथ ही जोखिम के कार्यों से दूर रहना चाहिए। धन के निवेश के लिए सूझ-बूझ आवश्यक है।

## ईरान कभी भी परमाणु हथियार प्राप्त नहीं कर पाएगा: वेंस

**वांशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने कहा है कि अमेरिका-ईरान समझौता यह पक्का करता है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा। श्री वेंस ने फॉक्स न्यूज़ से कहा, इसका मतलब है कि ईरान के पास कभी परमाणु हथियार नहीं होगा। वह न तो परमाणु हथियार बनाने की कोशिश करेगा और न ही उन्हें खरीदने या हासिल करने की कोशिश करेगा। यह बात इस समझौते में शामिल है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका इस बात पर नज़र रखेगा कि ईरान समझौते का पालन कर रहा है या नहीं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि इसके बदले ईरान को क्या मिलेगा। श्री वेंस ने कहा, यहां एक ऐसा तरीका अपनाया जा रहा है, जिसमें हम जांच-पड़ताल करते रहेंगे और जब ईरान अपनी ज़िम्मेदारियां पूरी करेगा, तो उसे वास्तविक फ़ायदे भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अगर ईरान समझौते का पालन करता है, तो अगले पचास सालों में पश्चिम एशिया में बुनियादी बदलाव आएगा और यह इलाका निवेश के लिए ज़्यादा अनुकूल बन जाएगा।




# बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# उत्तराखण्ड में शामिल करने की मांग ने फिर पकड़ा जोर

## भिक्कावाला में हुई संघर्ष समिति की बैठक



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश की उत्तराखंड सीमा से सटी 125 ग्राम पंचायतों के 285 गांवों तथा नगर पंचायत बढ़ापुर को उत्तराखंड में शामिल किये जाने की मांग एक बार फिर तेज होती दिखाई दे रही है। इसी मुद्दे को लेकर रविवार को ग्राम भिक्कावाला स्थित शिव मंदिर परिसर में उत्तराखंड संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समिति के संयोजक मनमोहन दुदपुड़ी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने स्थानीय लोगों के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, पूर्व सैनिकों, युवाओं और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों की समस्याओं, विकास कार्यों तथा आंदोलन की आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

संयोजक मनमोहन दुदपुड़ी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, रोजगार, कृषि तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कहा कि सीमावर्ती गांवों को उत्तराखंड में शामिल करने की मांग केवल प्रशासनिक सीमांकन का विषय नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के विकास, पहचान और जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में स्थानीय जनता की राय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए जनजागरण अभियान चलाया जाएगा तथा जनमत संग्रह और व्यापक संवाद के माध्यम से लोगों की भावनाओं और विचारों को एकत्रित किया जाएगा।

उत्तराखंड संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र के विकास, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और जनता की भावनाओं के सम्मान को ध्यान में रखते हुए आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। मनमोहन दुतपुड़ी ने बताया कि 19 जुलाई को ग्राम भक्कावाला स्थित शिव मंदिर में पुनः बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें आंदोलन की आगे की रूपरेखा और कार्यक्रमों पर विचार किया जाएगा।

बैठक में प्रीतम सिंह रौतेला, उपेंद्र डोबरियाल, जितेंद्र सिंह, बाबू जोशी, कृष्णा थपलियाल, सुरेंद्र गोसाईं, महिमानंद बर्तवाल, दीपक म्याल, कैलाश थपलियाल, रघुवीर सिंह, गजेंद्र सिंह बिष्ट, सुनील कुमार धस्माना और अनिल नेगी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# गौरव कुमार ने बढ़ाया झालू का गौरव



पासिंग आउट परेड के बाद अपने माता-पिता के साथ गौरव कुमार

## सेना में बने लेफ्टिनेंट

**बिजनौर ( चिंगारी )।** झालू के गौरव कुमार ने सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने माता-पिता और कस्बे का गौरव बढ़ाया है। मोहल्ला नसीरयान, झालू निवासी श्री उदय सिंह एवं श्रीमती बबली सिंह के होनहार सुपुत्र गौरव कुमार ने इंडियन मिलिट्री एकेडमी देहरादून में 13 जून को आयोजित पासिंग आउट परेड में अन्य कैडेट के साथ भाग लिया। सीडीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद गौरव कुमार ने 10 जनवरी 2025 से 13 जून 2026 तक देहरादून में ट्रेनिंग ली। गौरव कुमार ने बिजनौर के मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट किया था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। परिजन ने बताया कि गौरव में देश सेवा का जज्बा बचपन से ही है। सैन्य अधिकारी बनकर देश की सुरक्षा का सौभाग्य प्राप्त होने पर गौरव कुमार ने ईश्वर का धन्यवाद किया। चिंगारी परिवार गौरव कुमार के उज्जवल भविष्य एवं उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करता है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हुमायूं अंसारी (Humayun Ansari) पुत्र तौकीर अहमद (Tauqeer Ahmed), निवासी चिप्पीपाड़ा (Chhippi Para), निकट मस्जिद बडवो वाली, नगीना, जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश) का हूँ। मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम हुमायूं अंसारी से बदलकर मोहम्मद हुमायूँ (Mohammad Humayun) कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे केवल Mohammad Humayun के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र शिवम सैनी जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। **-पूरन सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी मोहल्ला नई सराय, धामपुर जिला बिजनौर**

# घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर के मोहल्ला बुखारा निवासी दिलशाद पुत्र हसीनुद्दीन ने शपथ पत्र के साथ प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली शहर को प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि 22 अप्रैल 2025 को महजबी और उसके भाई ने चाकू-छुरी से हमला कर खोलता हुआ पानी डालकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। दिलशाद का कहना है कि उसके भाई अमीरुद्दीन को अदालत के समन या वारंट के बिना गिरफ्तार कराकर आरोपियों के हक में बयान करा दिये गये थे। अमीरुद्दीन ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी। दिलशाद का आरोप है कि एक वकील व दो अन्य व्यक्ति 9 जून की रात को उसके घर में घुस आये और धमकी दी कि या तो हमारे हक में लिखकर दो, अन्यथा जिंदा नहीं छोड़ेंगे। दिलशाद का कहना है कि उसे अपनी जान का खतरा है। इसलिये उसकी सुरक्षा की जाये और आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई हो।

Hero
*हीरो लाया है एक्सचेंज कार्निवल
कोई भी पुराना स्कूटर या बाइक लायें और नया हीरो स्कूटर ले जाये।
SCOOTERS SUPERIOR MILEAGE @ 56 KM/L



9,999/- के डाउन पेमेंट पर
4,000/- Discount



4,999/- के डाउन पेमेंट पर
तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध :- ❖कम से कम ब्याज दर ❖कम कागजी कार्यवाही ❖सबसे सस्ता
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी ...

## कुछ तो बोलो सरकार!

मुंह में दही जमने की कहावत तो आपने कई बार सुनी होगी, मगर क्या इसे चरितार्थ होते हुए भी देखा है? अगर नहीं, तो अमेरिका की दादागीरी को लेकर आप किसी भी भाजपा नेता का चाहे वो स्थानीय हो या राष्ट्रीय स्तर का, मुंह खुलवाकर देखिये, आपको एकदम ताजा दही साफ नजर आयेगी। अमेरिका की बेशर्मी, दादागीरी और अमानुषता इतनी बढ़ गई है कि हमारे मालवाहक जहाजों को निशाना बना रहा है, तीन भारतीय नाविकों की हत्या भी कर चुका है और कई जहाज अभी भी होर्मुज में फंसे हुए हैं, जिन पर भारतीय युवा नाविक तैनात हैं, अमेरिका को इंसाफ और मानवता का परिचय देना चाहिए, अपनी गलती मान लेनी चाहिए और भारत को विश्वास में लेना चाहिए, मगर नहीं, वह तो उल्टा चोर कोतवाल को डांट रहा है। कह रहा है उसके नौसैनिक होर्मुज की नाकेबंदी का उल्लंघन या ईरानी तेल का परिवहन कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इतना ही नहीं, वह अपनी दादागीरी दिखा रहा है कि सभी वाणिज्यिक जहाजों को अमेरिकी बलों के आदेशों का पालन करना होगा। दरअसल, अमेरिका ने ईरान को तेल व्यापार से पैसा कमाने से रोकने के लिये गत 13 अप्रैल से होर्मुज जलडमरूमध्य में नौसैनिक नाकेबंदी लागू कर रखी है। और सारी दुनिया पर धौंस जमा रहा है कि उसके फरमान को माना जाये। चूंकि भारत को ईरान से सस्ता तेल मिलता है और युद्ध के चलते अन्य देशों के साथ-साथ भारत में भी तेल का गंभीर संकट बना हुआ है, ऐसे में अमेरिकी फरमान से भारत को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। रूस से तेल न खरीदने का फरमान वह पहले ही सुना चुका है, और हम हैं कि अच्छे बच्चे की तरह उसके सारे आदेशों का अक्षरशः पालन कर रहे हैं। और बड़ी विडम्बना ये है कि हमारे तीन नौजवान नौसैनिकों की निर्मम हत्या पर देश में कहीं कोई विरोध का स्वर सुनाई नहीं दे रहा। केवल विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने समकक्ष अमेरिका के विदेश मंत्री से फोन पर ये कहकर इतिश्री कर ली कि क्या वे यानी अमेरिका भारतीय नाविकों की हत्या को न्यायसंगत ठहरा सकते हैं। क्यों नहीं 2013 जैसा एक्शन नहीं लिया जा रहा, जब अमेरिका के अहमकपन पर भारत सरकार ने कड़े कदम उठाते हुए अमेरिकी वाणिज्यिक दूतावास पर से सुरक्षा तक हत्या ली थी और तब के गुजरात के मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मिलने से इंकार कर दिया था, मगर अफसोस आज की गंभीर परिस्थितियों के बावजूद 'विश्वगुरू' के मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला।

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में बढ़ता अविश्वास



-डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत और बांग्लादेश के संबंध दक्षिण एशिया की कूटनीति में विशेष महत्व रखते हैं। वर्ष 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के समय भारत ने जिस प्रकार राजनीतिक, सैन्य और मानवीय सहयोग प्रदान किया, उसने दोनों देशों के बीच मैत्री और विश्वास की मजबूत नींव रखी। पिछले पांच दशकों में व्यापार, सुरक्षा, ऊर्जा, संपर्क, जल संसाधन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति तथा बांग्लादेश की विकासोन्मुख विदेश नीति ने भी संबंधों को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। इसके बावजूद हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में तनाव और अविश्वास के संकेत दिखाई दिए हैं। यह स्थिति इस तथ्य को रेखांकित करती है कि पड़ोसी देशों के साथ संबंध केवल रणनीतिक हितों से संचालित नहीं होते, बल्कि उनमें संवेदनशीलताओं, जनभावनाओं और पारस्परिक सम्मान का भी महत्वपूर्ण स्थान होता है। भारत और बांग्लादेश लगभग 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं, जो भारत की किसी भी पड़ोसी देश के साथ सबसे लंबी स्थलीय सीमा है। दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक, भाषाई और ऐतिहासिक संबंध मौजूद हैं। पिछले एक दशक में भूमि सीमा समझौता, सीमा प्रबंधन, आतंकवाद विरोधी सहयोग, ऊर्जा व्यापार तथा क्षेत्रीय संपर्क परियोजनाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। बांग्लादेश आज भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को मुख्य भूमि से जोड़ने में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग केवल द्विपक्षीय नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए आवश्यक है। हाल के समय में बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में हुए बदलावों ने द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है। सत्ता परिवर्तन, राजनीतिक अस्थिरता और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच प्रतिस्पर्धा के कारण भारत की भूमिका को लेकर अलग-अलग धारणाएं विकसित हुई हैं। बांग्लादेश के कुछ राजनीतिक समूहों में यह धारणा बनी कि भारत किसी विशेष राजनीतिक शक्ति के प्रति अधिक सहानुभूति रखता है, जबकि भारत अपनी ओर से स्थिरता और विकास को प्राथमिकता देने की बात करता रहा है। इस प्रकार की धारणाएं चाहे तथ्यात्मक रूप से सही हों या नहीं, वे विश्वास के वातावरण को प्रभावित करती हैं और संबंधों में मनोवैज्ञानिक दूरी उत्पन्न करती हैं। तीस्ता नदी के जल बंटवारे का मुद्दा लंबे समय से दोनों देशों के बीच एक प्रमुख विवाद का विषय बना हुआ है। बांग्लादेश के लिए तीस्ता नदी का जल कृषि और आजीविका की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कई वर्षों से प्रस्तावित समझौता विभिन्न कारणों से लंबित है, जिससे बांग्लादेश में यह भावना विकसित हुई है कि उसकी चिंताओं को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल रही। भारत की संघीय व्यवस्था में राज्यों की भूमिका भी इस विषय को जटिल बनाती है, लेकिन समाधान में देरी ने अविश्वास को बढ़ावा दिया है। जल संसाधनों के न्यायसंगत और टिकाऊ प्रबंधन के बिना दीर्घकालिक विश्वास निर्माण कठिन प्रतीत होता है। सीमा संबंधी मुद्दे भी संबंधों में तनाव का कारण बने हैं। तस्करी, अवैध आव्रजन और सीमा सुरक्षा की चुनौतियों के कारण कई बार सीमा पर अप्रिय घटनाएं हुई हैं। नागरिक हताहतों की घटनाओं ने बांग्लादेश में व्यापक प्रतिक्रिया उत्पन्न की है और भारत की छवि पर भी प्रभाव डाला है। यद्यपि दोनों देशों की सीमा सुरक्षा एजेंसियां समन्वय बढ़ाने के प्रयास कर रही हैं, फिर भी ऐसी घटनाएं आम लोगों के मन में नकारात्मक भावनाएं पैदा करती हैं। पड़ोसी देशों के बीच सीमा केवल सुरक्षा का विषय नहीं होती, बल्कि मानवीय और सामाजिक संबंधों से भी जुड़ी होती है।



नागरिकता संशोधन अधिनियम और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर जैसे मुद्दों ने भी बांग्लादेश में कुछ आशंकाएं उत्पन्न कीं। यद्यपि भारत ने बार-बार स्पष्ट किया कि ये उसकी आंतरिक नीतियाँ हैं, फिर भी बांग्लादेश में यह चिंता व्यक्त की गई कि इनका अप्रत्यक्ष प्रभाव भविष्य में दोनों देशों के संबंधों पर पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नीतियों की वास्तविकता के साथ-साथ उनकी सार्वजनिक धारणा भी महत्वपूर्ण होती है और यही कारण है कि ऐसे मुद्दे कभी-कभी कूटनीतिक विमर्श का हिस्सा बन जाते हैं। दक्षिण एशिया में चीन की बढ़ती सक्रियता भी भारत-बांग्लादेश संबंधों को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है। बांग्लादेश ने अपनी विकास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चीन सहित कई देशों के साथ आर्थिक और अवसंरचनात्मक सहयोग बढ़ाया है। भारत के लिए यह स्वाभाविक चिंता का विषय है कि क्षेत्र में किसी बाहरी शक्ति का अत्यधिक प्रभाव उसके रणनीतिक हितों को प्रभावित कर सकता है। दूसरी ओर बांग्लादेश अपनी विदेश नीति में संतुलन बनाए रखते हुए विभिन्न देशों से निवेश और तकनीकी सहयोग प्राप्त करना चाहता है। इस स्थिति में दोनों देशों के लिए पारदर्शिता और संवाद अत्यंत आवश्यक हो जाते हैं।

# नेताओं की मजबूरी पर वफ़ादारी का चोला

राजनीति में वफादारी और मजबूरी के बीच की लकीर अक्सर इतनी पतली होती हैं कि आम आदमी तो क्या, खुद नेता भी भूल जाते हैं कि वे किस तरफ खड़े हैं। तृणमूल कांग्रेस के तीन सांसदों शत्रुघ्न सिन्हा, कीर्ति आजाद और बाबुल सुप्रियो की कहानी इसी सच्चाई की एक जीती-जागती मिसाल है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी की करारी हार के बाद जब पार्टी के करीब बीस सांसद बगावत पर उतर आए और मोदी सरकार के साथ खड़े होने का ऐलान कर दिया, तब यही तीनों नेता दीदी यानी ममता बनर्जी की वफादारी का ढिंढोरा पीटने में लगे हैं। शत्रुघ्न सिन्हा ने बयान दिया कि वे ममता जी के साथ हैं और हमेशा टीएमसी में ही रहेंगे। कीर्ति आजाद ने भी संकट की इस घड़ी में ममता बनर्जी का हाथ थामे रखने का ऐलान किया। लेकिन जो बात इन बयानों के पीछे छिपी है, वह यह है कि इन नेताओं के पास फिलहाल कोई और चारा है भी नहीं। सबसे पहले बात शत्रुघ्न सिन्हा की। शत्रुघ्न सिन्हा ने भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के खिलाफ जाकर भाजपा छोड़ी थी, लेकिन भाजपा में आज भी उनके कई पुराने मित्र मौजूद हैं। यही कारण है कि जब टीएमसी में तूफान आया तो उनकी चुप्पी ने सबको चौकाया। वे न बागी खेमे में नजर आए, न ममता के साथ खुलकर। लेकिन जब यह साफ हो गया कि भाजपा उनके लिए अपने दरवाजे खोलने के मूड में नहीं है, तो उनकी कथित वफादारी की घोषणा सामने आ गई। बता दें, शत्रुघ्न सिन्हा लंबे समय तक भाजपा के चमकते सितारे रहे। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में वे केंद्रीय मंत्री रहे। लेकिन धीरे-धीरे पार्टी में उनकी पूछ कम होती गई। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब भाजपा ने नई करवट ली तो पुरानी पीढ़ी के कई नेताओं को हाशिये पर धकेल दिया गया। शत्रुघ्न सिन्हा पार्टी में घुट-घुटकर रहते रहे और अंदर ही अंदर असंतोष पकता रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने भाजपा से नाता तोड़ लिया और कांग्रेस के टिकट पर पटना साहिब से चुनाव लड़े, लेकिन हार गए। इसके बाद उनका राजनीतिक सफर भटकाव का शिकार रहा और अंततः वे तृणमूल कांग्रेस में आ गए। 2024 के लोकसभा चुनाव में शत्रुघ्न सिन्हा आसनसोल से करीब साठ हजार वोटों से जीते। लेकिन यह जीत उनकी अपनी नहीं, ममता बनर्जी की लहर थी। अब जब वही लहर उतर रही है, तो उनके पास लौटने के लिए कोई ठिकाना नहीं है। कीर्ति आजाद की कहानी तो और भी दिलचस्प है। दिसंबर 2015 में दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ में कथित अनियमितताओं तथा भ्रष्टाचार को लेकर तत्कालीन केंद्रीय वित्तमंत्री अरुण जेटली को खुले तौर पर निशाना बनाने के लिए उन्हें भाजपा से निलंबित कर दिया गया था। वे 2018 में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। कांग्रेस ने उन्हें 2019 में धनबाद से टिकट दिया, लेकिन वहां भी उन्हें मुंह की खानी पड़ी। इसके बाद 2024 में वे तृणमूल कांग्रेस के जरिये बर्धमान-दुर्गापुर से लोकसभा पहुंचे। कीर्ति आजाद इस सीट से करीब 14 हजार वोटों से जीते। इस तरह एक ऐसे नेता जो कभी भाजपा के दिग्गज क्रिकेटर-सांसद हुआ करते थे, उनकी राजनीतिक यात्रा भाजपा से कांग्रेस और कांग्रेस से टीएमसी तक आ पहुंची। अब भाजपा उनसे दूरी बनाए हुए है और कांग्रेस भी उन्हें वापस लेने की स्थिति में नहीं है, इसलिए मजबूरी यही है कि ममता की डूबती नैया को थामे रखो और उसे वफादारी का नाम दो। बाबुल सुप्रियो की कहानी इन दोनों से थोड़ी अलग, लेकिन उसी धागे में पिरोई हुई है। वे आसनसोल से दो बार सांसद रहे और नरेंद्र मोदी सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री भी रहे। लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद जब भाजपा को बंगाल में करारी हार मिली और पार्टी के भीतर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ, तो बाबुल सुप्रियो ने भी भाजपा से मुंह मोड़ लिया। तत्कालीन केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद टीएमसी में शामिल होने वाले नेताओं में शामिल थे।

**-संजय सक्सेना, लखनऊ मो.-9454105568**

# राम मंदिर से 200 करोड़ का चढ़ावा चोरी हुआ ?

## 50 कर्मचारी रडार पर

**अयोध्या ( एजेंसी/ चिंगारी )।** श्री राम मंदिर में चढ़ावे की दान चोरी ने सबको चौका दिया है। आशंका जताई जा रही है कि चोरी लगभग 200 करोड रुपए की है। इस पूरे मामले में 50 कर्मचारी रडार पर हैं, जिसमें कुछ कर्मचारी ऐसे भी शामिल हैं जो कि कुछ वर्षों में करोड़पति बन गए, जिसमें मंदिर के महासचिव चंपत राय के ड्राइवर राम शंकर यादव उर्फ टुन्नू है। टुन्नू की लखनऊ और अयोध्या कुल मिलाकर 50 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति सामने आई है।



एक समय टुन्नू अयोध्या में ऑटो चलाता था और पुश्तैनी मकान श्री राम मंदिर से डेढ़ किलोमीटर दूर स्वर्गद्वार पर है। वहीं अब अयोध्या एयरपोर्ट के पास 70 कमरों का आलीशान मकान, पार्टनरशिप में तीन रेस्टोरेंट, लखनऊ में एक मकान और फॉर्च्यूनर गाड़ी खरीदी है। बाकी अन्य संपत्ति की जांच जारी है। टुन्नू के अलावा इस मामले में अनुकल्प मिश्रा, लव कुश तिवारी, राजेश पाठक, केडी तिवारी, मनीष यादव पर भी चढ़ावा गबन के आरोप हैं। इन सभी की लाइफ स्टाइल बिल्कुल चेंज हो गई थी, लगता ही नहीं था कि ये महिने के साढ़े 14 हजार रुपए वेतन पाने वाले कर्मचारी हैं। कुछ कर्मचारियों ने इसकी शिकायत की तो या तो उन्हें निकाल दिया गया या सुनवाई नहीं। यह बात अयोध्या के गलियों से निकलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव तक पहुंची। अब देश भर में सुर्खियों में छाया हुआ है।

## कई 5 साल में करोड़पति हुए, अब तक 2 करोड़ कैश मिला



### लवकुश मिश्रा कौन है और क्यों है चर्चा में ?

इस पूरे मामले में सबसे पहला नाम आया लवकुश मिश्रा का। यह युवक अयोध्या के पास रुदौली के शुजागंज इलाके के मीनापुर फगौली गांव का रहने वाला है, उसकी जिम्मेदारी राम मंदिर में दानपात्रों से पैसे निकालने और गिनने की थी। जांच टीम जब उसके घर पहुंची तो वहां से 10 लाख रुपये नकद मिले, इनमें से कुछ पैसे घर की आलमारी में रखे थे और कुछ पैसे गोबर के ढेर में छिपाकर रखे गए थे। गांव के लोग भी बताते हैं कि राम मंदिर में नौकरी मिलने के बाद से लवकुश की आर्थिक स्थिति बहुत तेजी से बदली थी।

### लवकुश के पिता ने क्या कहा ?

लवकुश के पिता बच्चूलाल ने अपने बेटे का बचाव करते हुए कहा कि उनका बेटा बिल्कुल निर्दोष है। उन्होंने माना कि घर से 10 लाख रुपये मिले हैं, लेकिन यह पैसे उन्होंने अपनी खेती की जमीन गिरवी रखकर जुटाए थे। उन्होंने यह भी कहा कि फैजाबाद में जो मकान बन रहा है उससे उनके बेटे का कोई लेना-देना नहीं है।

## 18-20 हजार सैलरी में खरीदी डेढ़ करोड़ की जमीन !

**अयोध्या ( एजेंसी/ चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या के राम मंदिर में हर दिन लाखों श्रद्धालु आते हैं और भगवान राम के लिए पैसे, गहने और दूसरी चीजें चढ़ाते हैं। यह दान मंदिर के दानपात्रों यानी बक्सों में जमा होता है। इन बक्सों से पैसे निकालने और गिनने का काम कुछ कर्मचारियों को दिया गया था। अब आरोप यह है कि इन्हीं कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं के चढ़ावे में से करोड़ों रुपये चुरा लिए। यह मामला इसलिए और बड़ा हो गया, क्योंकि जिन कर्मचारियों की तनख्वाह महीने के 18 से 20 हजार रुपये थी, उन्होंने करोड़ों की जमीन और प्लॉट खरीद लिए। बस यहीं से पूरा मामला खुला और अब SIT जांच हो रही है। यह मामला तब सुर्खियों में आया, जब उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राम मंदिर के चढ़ावे में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। अखिलेश यादव इस मामले को सबसे पहले सामने लाने वालों में से हैं। उनके मामला उठाने के बाद ही राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल मची और फिर जांच की मांग और एक्शन शुरू हुआ। शनिवार को उन्होंने एक्स पर लिखा, 'इस षड्यंत्र का मूल दूर नहीं है' इसलिए सच में कार्रवाई करने के लिए कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यदि दोषी के बारे में पता करने में पुलिस अक्षम तो हम सहायता कर दें।

## कर्मचारियों की आमदनी और उनकी संपत्ति में जमीन-आसमान का अंतर

**राम मंदिर में चढ़ावे के पैसे गिनने का काम कुछ खास कर्मचारियों को दिया गया था। यह काम बेहद जिम्मेदारी का था, क्योंकि रोज हजारों श्रद्धालु दान देते हैं। लेकिन जांच एजेंसियों को शक हुआ कि इन कर्मचारियों की आमदनी और उनकी संपत्ति में जमीन-आसमान का फर्क है। एक कर्मचारी ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये की जमीन खरीदी और दूसरे ने करीब 40 लाख रुपये का प्लॉट लिया, जबकि दोनों की तनख्वाह सिर्फ 18 से 20 हजार रुपये महीने की थी। यह देखकर जांच शुरू हुई। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी इस मुद्दे को उठाया था, जिसके बाद मामला पूरे प्रदेश में सुर्खियों में छा गया।**

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)


1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

## कालागढ़ में हाथी के हमले में व्यक्ति की मौत

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कालागढ़ में देर रात अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। वन विभाग और पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रथम दृष्ट्या मृतक की मौत हाथी के हमले में होने की आशंका जताई जा रही है। बताया गया कि शव कालागढ़ रेंज के कंपार्टमेंट संख्या-6 (नई कॉलोनी) में मिला है। लोगों का कहना है कि यह अज्ञात व्यक्ति कुछ दिनों से नई कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में रात्रि में सोता देखा गया था और इन दिनों आम का सीजन चल रहा है जिसके चलते हाथी मंदिर परिसर में लगे पेड़ों पर आम खाने आते रहते हैं। संभावना है इस दौरान हाथी ने उस पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया हो। थानाध्यक्ष कालागढ़ संजीव ममगई ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना की जांच की जा रही है और मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



# श्री राम कॉलेज में स्वास्थ्य मेला व रक्तदान शिविर का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज एंड हॉस्पिटल पीपलसाना धामपुर में स्वास्थ्य मेला एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जनपद बिजनौर के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ओम कुमार के प्रतिनिधि सूर्या प्रताप शुक्ला , रेड क्रॉस सोसाइटी के वरिष्ठ पदाधिकारी टीकम सिंह सेंगर तथा इंजीनियर आशीष कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय राजमार्ग से कॉलेज और अस्पताल परिसर तक जाने वाली सड़क का भी लोकार्पण किया गया, जिससे क्षेत्र वासियों एवं विद्यार्थियों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।


शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए सूर्या प्रताप शुक्ला व टीकम सिंह सेंगर।

स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विवेक कॉलेज आयुर्वेदिक साइंस एवं हॉस्पिटल बिजनौर की ओर से डॉ प्रीति एवं डॉ. ममता द्वारा रोगियों का प्रशिक्षण एवं परामर्श प्रदान किया गया। प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग परामर्श हेतु डॉ. नरेंद्र सिंह एवं श्रीमती सुनीता ने अपनी सेवाएं दी। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ नसीम अहमद तथा डॉ. अनुराग सिसोदिया ने नेत्र परीक्षण कर रोगियों को आवश्यक परामर्श दिया। टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक कुमार एवं डॉ यशवंत सिंह द्वारा भी स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की सफलता मे श्री राम ग्रुप के प्रबंधक डॉ. एनपी सिंह, निदेशक डॉ. शिखा सिंह, डॉ. ममता सिंह, डॉ. रविंद्र सिंह, डॉ. सुबोध शर्मा, योगेंद्र योगी और अस्पताल के त्रिवेंद्र राणा, जय, अंकुर कौशिक, कुलदीप, वर्षा, लक्ष्मी और कॉलेज के सलोनी चौहान, तनु ज्योति, चंचल सैनी, वर्षा सैनी, इकरा, राजन, प्रिया चौहान, तनु चौहान, सचिन कुमार, हरि कृष्ण एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## 'एक पहल' ने शिविर लगाया, लोगों को जलजीरा पिलाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडा जलजीरा पिलाकर लोगों को राहत देने का कार्य किया गया। पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के बाहर 'एक पहल' संगठन द्वारा नर सेवा ही नारायण सेवा है यह मानकर भीषण गर्मी में शीतल जलजीरा पिलाकर आने-जाने वाले राहगीरों को राहत देने का कार्य किया गया। आने-जाने वाले लोगों ने ठंडा जलजीरा पीकर एक पहल संगठन की सराहना की और सबको धन्यवाद दिया। एक पहल संगठन से आकाश कुमार, आनंद कुमार, चिंकू कुमार, आशीष कुमार, माधव सिंह, वरुण कुमार, गुंजित कुमार, निखिल अरोड़ा, मोती शर्मा आदि शामिल रहे।



# पुलिस ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च

## त्यौहारों के मद्देनजर किये जा रहे फ्लैग मार्च : सीओ



**धामपुर ( चिंगारी )।** कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का भाव बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अंजनी कुमार चतुर्वेदी और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धामपुर मृदुल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर के मुख्य बाजारों व संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल खारी कुआं, बाजार कला, भगत सिंह चौक, फल चौक, बड़ी मंडी सहित अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों से गुजरा। इस दौरान दुकानदारों, राहगीरों व आम नागरिकों से बातचीत कर उनसे शांति बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत 112 सेवा पर सूचना देने को कहा। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में नियमित रूप से गश्त व फ्लैग मार्च किए जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने कहा कि धामपुर पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। फ्लैग मार्च में स्थानीय पुलिस के साथ सीएपीएफ के जवान भी शामिल रहे। पुलिस प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी इस तरह के फ्लैग मार्च जारी रहेंगे ताकि क्षेत्र में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे।

# धामपुर बिजलीघर पर संविदा कर्मचारियों का धरना जारी

## आसपा नेता विवेक सेन ने मांगों को न्यायोचित बताया

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर बिजलीघर पर चल रहे संविदा कर्मचारियों के आंदोलन को अब जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों का भी समर्थन मिलने लगा है। इसी क्रम में आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता विवेक सेन ने सोशल मीडिया के माध्यम से आंदोलनरत कर्मचारियों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए उनकी मांगों को न्यायोचित बताया है।

विवेक सेन ने अपने बयान में कहा कि पिछले 27 दिनों में 34 संविदा लाइनमैनों की मृत्यु होना बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि अपनी जान जोखिम में डालकर आम जनता तक निर्बाध बिजली पहुंचाने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मृतक कर्मचारियों के परिवारों को पर्याप्त राहत और सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई है। साथ ही ठेका कंपनियों द्वारा समय पर वेतन भुगतान न किए जाने की समस्या भी लगातार बनी हुई है, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष है। विवेक सेन ने सरकार से मांग की कि आंदोलनरत संविदा कर्मचारियों की सभी जायज मांगों को तत्काल स्वीकार किया जाए। उन्होंने मृतक कर्मचारियों के परिजनों को उचित मुआवजा और स्थायी सहायता प्रदान करने के साथ-साथ दैनिक कार्यों में लगे संविदा कर्मियों को नियमित कर स्थायी रोजगार देने की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में संविदा कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा सम्मान की रक्षा करना सरकार और विभाग दोनों की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।


वरिष्ठ नेता विवेक सेन

वहीं, आंदोलनरत कर्मचारियों ने भी अपनी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रखने का संकेत दिया है और जल्द समाधान न होने पर आंदोलन को और व्यापक रूप देने की चेतावनी दी है।

# बार एसोसिएशन ने खोला डिजिटल रजिस्ट्री योजना के खिलाफ मोर्चा

**धामपुर ( चिंगारी )।** डिजिटल रजिस्ट्री की प्रस्तावित योजना के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन धामपुर ने मोर्चा खोल दिया है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आज उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर योजना पर आपत्ति जताई है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी और सचिव देवेंद्र कुमार ने बताया कि महानिरीक्षक निबंधन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रस्तावित डिजिटल रजिस्ट्री व्यवस्था से अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, स्टांप वेंडरों व टाइपिस्टों की रोजी-रोटी प्रभावित होगी। एसोसिएशन का कहना है कि नई व्यवस्था लागू करने से पहले हितधारकों से चर्चा आवश्यक है। इसके विरोध स्वरूप बार एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि आज 15 जून से अग्रिम आदेश तक तहसील धामपुर में समस्त रजिस्ट्री, बैनामा, दस्तावेज आदि के पंजीकरण कार्यों का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। एसोसिएशन ने दस्तावेज लेखकों, अधिवक्ताओं, स्टांप वेंडरों, टाइपिस्टों व मुंशियों से बहिष्कार में सहयोग की अपील की है। अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि आदेश का उल्लंघन कर पंजीकरण करते पाए जाने पर 5000 रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। उप जिलाधिकारी ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्या को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

**रजिस्ट्री, बैनामा, दस्तावेज के पंजीकरण का होगा बहिष्कार**

# पुष्प निकेतन के खिलाड़ियों ने किया स्कूल का नाम रोशन

## द्वितीय पृथ्वी बैडमिंटन प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



पृथ्वी बैडमिंटन चैंपियनशिप में पुष्प निकेतन स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन।

**धामपुर ( चिंगारी )।** देहरादून जिले के भानियावाला में आयोजित द्वितीय पृथ्वी बैडमिंटन चैंपियनशिप में पुष्प निकेतन स्कूल धामपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 एवं अंडर-17 आयु वर्गों में लगभग 250 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के दौरान पुष्प निकेतन स्कूल के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर अपनी खेल क्षमता का परिचय दिया।

अंडर-15 बालक युगल वर्ग में सूर्यांश राजपूत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दैविक एवं वेदांत की जोड़ी ने तृतीय स्थान अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अंडर-15 बालिका युगल वर्ग में शिवांशी ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-17 बालिका एकल वर्ग में ऋचा राजपूत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त अंडर-17 बालिका युगल वर्ग में ऋचा राजपूत ने प्रथम स्थान तथा श्रेया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधन ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि का श्रेय उनके अथक परिश्रम, अनुशासन, समर्पण तथा प्रशिक्षकों सुमित शर्मा, रितिशबाला एवं राजेश यादव के कुशल मार्गदर्शन को दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रश्मि रेखा ने कहा कि यह उपलब्धि ना केवल विद्यालय की खेल परंपरा को सुदृढ़ करती है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

# भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी ने 251 मेधावियों को किया सम्मानित

## लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें- डा. शुभम



**बिजनौर (चिंगारी)।** भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी ने 251 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह के मुख्य अतिथि वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज सफदरजंग दिल्ली के डॉ. शुभम कुमार ने कहा कि किसी भी राष्ट्र में समाज के उत्थान के लिए अच्छी शिक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने मेधावी छात्राओं से लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि बीएचईएल के पूर्व प्रबंधक दयाराम सिंह भामड़ा ने कहा कि समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम खड़े किए जा रहे हैं। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार भुइयार ने विगत वर्षों में समिति द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में किए गए कार्यों के अच्छे परिणाम आने शुरू हो गए हैं। समाज के कई विद्यार्थियों ने शिक्षा, चिकित्सा, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में शानदार कार्य किया है। प्रतियोगिता परीक्षा में भी कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अमरपाल सिंह भुइयार ने कहा कि भुइयार समाज के मेधावी विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करेंगे।

इस मौके पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक सिंह, प्रशासनिक अधिकारी विनोद कुमार, पूर्व प्रबंधक डालचंद, प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह, अवर अभियंता विनोद कुमार, प्रशासनिक अधिकारी दीपक कुमार, प्रधानाचार्य ओमपाल सिंह, गुरदास सिंह, डॉ. सीपी सिंह, गिरिराज सिंह, गोपाल सिंह, संजीव कुमार, सूरज सिंह, गंगाराम सिंह, पवन सिंह, दयाराम सिंह, भोपाल सिंह, गजेंद्र सिंह एडवोकेट, सोपाल सिंह, मेहर सिंह ठेकेदार,ओमकार सिंह, पंकज जयशवाल, मेहर सिंह, डॉ. बीपी सिंह, सत्यपाल सिंह, केशव शरण,तेजपाल सिंह, रमा रानी, डॉ. अंशिका, यश वंशीवाल, वर्षा पवार, कर्मेंद्र सिंह, संदीप सिंह, दीपक कुमार, टीकम सिंह, राहुल कुमार, ज्ञान सिंह आदि ने भी विचार रखे। संचालन केशव शरण व राजेंद्र कुमार भुइयार ने संयुक्त रूप से किया।

भुइयार समाज से हाईस्कूल, इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को क्रमश: 5100 रुपए, 3100 रुपए व 2100 रुपए का नगद पुरस्कार भी दिया गया। क्रिकेट में रूचि रखने वाले समाज के 21 विद्यार्थियों को वरिष्ठ समाजसेवी अमरपाल सिंह द्वारा बल्ला व बॉल देकर सम्मानित किया गया।

# किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

## कई पदाधिकारियों को मनोनीत किया



**चांदपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील चांदपुर की मासिक पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई तथा साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए अनेक लोगों को मनोनीत किया गया।

स्थानीय डाक बंगले में भाकियू के प्रदेश महासचिव चौधरी कुलदीप सिंह की अध्यक्षता एवं ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह के संचालन में आयोजित पंचायत में प्रशासन से किसानों की समस्याओं का समाधान कराये जाने की मांग की गई। पंचायत में ऋषिपाल सिंह को तहसील सचिव, विपिन कुमार उर्फ भोले को तहसील उपाध्यक्ष, करण सिंह मुन्नू सिंह व करणवीर सिंह को तहसील उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

पंचायत में भाकियू के तहसील अध्यक्ष नितिन राणा, नगर अध्यक्ष बाबू खान, जिला सचिव चौधरी हरीराज सिंह, महिपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, सईद अहमद, अबिद अहमद, बबलू प्रधान, मनोज शर्मा, मैराजू प्रधान, रणजीत सिंह राणा, फखरुद्दीन प्रधान, चौधरी ऋषिपाल सिंह, रोहताश सिंह, फैज मलिक, राजीव कुमार व मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ आदि उपस्थित रहे।

# कई लोगों ने किया रक्तदान

**नूरपुर (चिंगारी)।** विश्व रक्तदाता दिवस पर यहां मुरादाबाद रोड स्थित जनता चैरिटेबल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदाताओं में मुकुल गुप्ता, योगेंद्र कुमार, सुशील कुमार, पुष्पेंद्र शेखावत, देवराज सिंह, विजयवीर, सुनील, अवनीश, मोनू, प्रिंस, अशोक चौधरी, जितेंद्र, प्रीतम, सौरभ, संजू, वंदना, सुनीता, निजामुद्दीन, आफताब अहमद आदि रहे। ब्लड सेंटर प्रबंधक जागेश कुमार ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है।



# तार पर गीले कपड़े डालते समय करंट लगने से युवती की मौत

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** रविवार को सीमावर्ती इलाके पुराना कालागढ़ में दर्दनाक हादसा हो गया, जब छत पर कपड़े सुखाने गई युवती विद्युत करंट की चपेट में आ गई।



हादसे में युवती की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग कालागढ़ में कार्यरत योगेश्वर उर्फ योगेश की 16 वर्षीय पुत्री दिव्या रविवार को घर की छत पर कपड़े सुखाने के लिए गई थी। बताया जा रहा है कि छत पर लगे टिनशेड से कपड़े सुखाने वाला तार बंधा हुआ था। उसी टिनशेड से होकर विद्युत केबल गुजर रहा था, जिसके चलते टिनशेड और कपड़े सुखाने वाले तार में करंट उतर गया। जैसे ही दिव्या ने तार पर गीले कपड़े डाले वह विद्युत करंट की चपेट में आ गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे उपचार के लिए अफजलगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवती की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भूमाफियाओं ने अवैध खनन कर पाट दिया पंचायती तालाब

## सोता रहा प्रशासन



**राजा का ताजपुर (चिंगारी)।** भूमाफियाओं द्वारा रातों रात ग्राम समाज के गाटा संख्या 308 में स्थित तालाब को मिट्टी का अवैध खनन कर पाट दिया गया। चंद कदम पर दूर पुलिस चौकी स्टाफ व राजस्व विभाग के कर्मचारी इस भराव से अनभिज्ञ बने हुए हैं। इस तालाब के अटने से वर्षा के दौरान नई बस्ती व खंदक मोहल्ले में जलभराव की समस्या पैदा होने को लेकर लोग चिंतित हैं।

मोहल्ला नई बस्ती खंदक में खाता संख्या 611 के गाटा संख्या 308 में एक वर्षों पुराना पंचायती तालाब है जो मछली पालन के लिए प्रयोग में होता रहा है। लाखों रुपये के इस पंचायती तालाब पर वर्षों से भूमाफियाओं की नजर गढ़ी हुई है। किसी तरह इसको कागजों में ताज एकेडमी स्कूल के नाम दर्ज करा दिया गया, जबकि इस नाम से ताजपुर क्षेत्र में कोई संस्था नहीं है। शिकायत होने पर उपजिलाधिकारी चांदपुर ने अपने आदेश 8 फरवरी 2021 के आदेश में उक्त भूमि को सार्वजनिक उपयोग की भूमि व आरक्षित श्रेणी 6(1)जलमग्न भूमि माना है। हलका लेखपाल अंकित कुमार ने बताया कि इस तालाब की भूमि पर न्यायालय में मामला विचाराधीन है। जिसको देखते हुए अवैध भराव को रुकवा दिया गया है तथा अधिकारियों को मामले से अवगत करा दिया गया है। उधर मोहल्ले के लोगों का कहना है कि इस तालाब में बरसात का पानी जाता है, तालाब अटने से घरों में पानी भर जायेगा।

# सोमवती अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**बिजनौर (चिंगारी)।** सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर आज गंगा बैराज पर श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह तड़के से ही श्रद्धालु गंगा तट पर पहुंचने लगे और श्रद्धा एवं आस्था के साथ गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने पितरों की शांति एवं मोक्ष की कामना से तर्पण और पूजा-अर्चना भी की।

गंगा बैराज पर दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद दान-पुण्य कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं की भी अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली।



श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। गंगा घाटों तथा प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। अधिकारियों द्वारा समय-समय पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया गया।

सोमवती अमावस्या का महत्व पितरों के तर्पण के लिए अधिक होने पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इसके बावजूद भी स्नान पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सोमवती अमावस्या के अवसर पर गंगा बैराज पर पूरे दिन श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

**नांगल सोती (चिंगारी)।** आज सोमवती अमावस्या पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था एवं विश्वास की डुबकी लगाई। सोमवती अमावस्या की सनातन धर्म में विशेष मान्यता है। आज तड़के से श्रद्धालु गंगा स्नान के लिये जाने शुरू हो गये थे। नांगल की ओर की धारा पूरी तरह सूखी होने के कारण श्रद्धालुओं को उत्तराखंड की ओर की धारा पर ही स्नान करने के लिये जाना पड़ा। गंगा स्नान कर श्रद्धालुओं ने पंडितों को दान दिया। पंडितों को दान देने के लिये घरों पर भी आटा, गुड़, चावल आदि सामग्री निकाली गयी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु काफी पुलिस बल भी तैनात रहा।

## वीडियो बनाकर छात्रा को ब्लैकमेल किया

### गैर सम्प्रदाय के युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया

**स्योहारा (चिंगारी)।** बीएससी की छात्रा को प्रेमजाल में फांसकर शारिरक सम्बंध बनाए और विडियो बनाकर धमकी देने लगा। परिजनों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पुछताछ की जा रही है। दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगाई गयी है। थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी और बताया कि उसकी पुत्री जो एक महाविद्यालय में बीएससी प्रथम की छात्रा है। उसी गांव निवासी एक गैर सम्प्रदाय के युवक ने बहला फुसलाकर उसके साथ प्रेम सम्बंध बना लिये। इस दौरान वीडियो बनाकर उन्हें वायरल करने की धमकी देकर युवती को डराता रहा। जब युवती ने नम्बर ब्लाक कर दिया तो दूसरे युवक से वह फोन कराकर धमकी दिलाने लगा। युवती के परिजनों को जब घटना कि जानकारी हुई तो वह रविवार की शाम लगभग 7:30 बजे थाना प्रभारी संजय सिंह से मिले और युवक के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए युवती के बयान दर्ज कराए। वरिष्ठ भाजपा नेता सीपी सिंह ने थाने पहुंचकर पुलिस से इस प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले में तत्काल कार्यवाही करते हुए तहरीर के आधार पर गांव राकिब पुत्र अख्तर, फिरोज पुत्र सिकंदर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पुछताछ चल रही है, जबकि दूसरे की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गयी है ।

## साकिब का शव पहुंचने पर सहसपुर में शोक

**सहसपुर (चिंगारी)।** दुबई में हुए भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले मोहल्ला हकीमपुरा, सहसपुर निवासी साकिब पुत्र मुंशी नन्हे का पार्थिव शरीर सहसपुर पहुंचते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार सहित मोहल्ले में गमगीन माहौल हो गया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में रिश्तेदार, मित्र और स्थानीय लोग उनके आवास पर पहुंचे तथा परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दुखद घटना से पूरे सहसपुर में मातम का माहौल है। साकिब के पार्थिव शरीर को जौहर की नमाज़ के बाद सुपुर्द ख़ाक कर दिया गया।



## सोमवती अमावस्या पर हरिद्वार पहुंचे एक करोड़ श्रद्धालु

**हरिद्वार (चिंगारी)।** सोमवती अमावस्या पर गंगा नगरी हरिद्वार में श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार लगभग एक करोड़ श्रद्धालुओं ने हर की पैड़ी सहित विभिन्न घाटों पर स्नान किया। समाचार लिखे जाने तक शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम थी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर रात से ही खुद स्थिति पर नजर रखे हुये हैं।

सोमवती अमावस्या का यह स्नान आने वाले कई वर्षों तक हरिद्वार के लोगों को व हरिद्वार के जिला प्रशासन को हमेशा याद रहेगा। कहा जा रहा है कि सोमवती अमावस्या पर हरिद्वार में इतनी भीड़ पहले कभी नहीं देखी गई।

पहले ही अनुमान लगाया जा रहा था कि एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए हरिद्वार पहुंचेंगे। शनिवार, रविवार और सोमवार तीन दिन लगातार श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचते रहे। हाईवे पर भले ही जाम की स्थिति रही हो, लेकिन शहर के अंदर ट्रैफिक सुचारू रूप से चलता रहा, जिसके लिये लोगों ने पुलिस और जिला प्रशासन की सराहना की। इस स्नान पर्व पर हरिद्वार आए श्रद्धालुओं के साथ जितनी विनम्रता के साथ पुलिस ने संयम बरतते हुए स्नान कराया, वह काबिले तारीफ है।

ऐसा पहली बार हुआ है कि इतनी भयंकर भीड़ ने हर की पैड़ी पर लगातार गंगा स्नान किया हो। निर्विघ्न रूप से स्नान चलता रहा। प्रत्येक श्रद्धालु चाहता है कि हर की पैड़ी पर स्नान करे, जिसके लिये प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की थी। आम श्रद्धालुओं के लिये हर की पैड़ी क्षेत्र को निर्बाध रूप से खोला गया।




हर की पैड़ी पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए डीएम व एसएसपी।



हर की पैड़ी पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# पिंजरे में कैद हुआ 'आतंकी' गुलदार



**शेरकोट ( चिंगारी )।** पिछले काफी समय से ग्राम मिर्जापुर में दहशत का पर्याय बना गुलदार शनिवार की रात पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के पिंजरे में फंसने का पता लगने पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। देर रात पहुंची वन विभाग की टीम पिंजरे में बंद गुलदार को रेस्क्यू कर वन रेंज कार्यालय ले गई। ग्राम मिर्जापुर में पिछले कुछ दिन से गुलदार बार-बार आबादी क्षेत्र में आ रहा था। इस दौरान गुलदार किसान रिंकू चौहान का एक जर्मन सैफर्ड नस्ल के पालतू कुत्ते को उठाकर ले गया था। गुलदार द्वारा कुत्ते को उठाकर ले जाने के बाद मदनपाल सिंह के पशुशाला में बंधे बछड़े को हमला कर घायल करने और अगले ही दिन पुन: गांव में आकर निराश्रित बछिया को निवाला बनाने से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ था। लोग रात्रि के समय घरों से निकलते हुए घबरा रहे थे। ग्रामीणों द्वारा बार-बार मांग किये जाने पर वन विभाग द्वारा 9 जून को जंगल में आबादी के किनारे पिंजरा लगवाया गया था। शनिवार की रात नौ बजे खूंखार गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के बार-बार दहाड़ने की आवाज सुनकर जब ग्रामीण पिंजरे के पास पहुंचे तो उन्हें पिंजरे में गुलदार बंद दिखाई दिया। पिंजरे में बंद हुए गुलदार को देखने के लिए मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस और वन विभाग की टीम रात्रि में ही मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर पिंजरे में बंद गुलदार को ट्रैक्टर-ट्राली की मदद से अपने साथ वन रेंज कार्यालय धामपुर ले गई। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि गुलदार का मेडिकल परीक्षण कराए जाने के बाद उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार उसे वन में छोड़ा जाएगा। गुलदार के पकड़े जाने से चिंतित और परेशान ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# पुलिस ने गांवों में किया पैदल गश्त

**स्योहारा ( चिंगारी )।** पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत गांव-गांव जाकर ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ पैदल गश्त किया। सभी ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों से कहा कि वे संदिग्ध लोगों को गांव के पास देखें तो पुलिस को सूचना दें। कोई भी समस्या हो तो दिन हो या रात कभी भी फोन करें समस्या का समाधान होगा। थाना प्रभारी निरीक्षक ने रात 10 बजे से सुबह 3 बजे तक गांव भगवानपुररैनी, शेरपुर रैनी, मेवाजट, खेड़का में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ पैदल गश्त किया।



# पोटा में हुई किसान गोष्ठी

**पैजानिया ( चिंगारी )। खेत बचाओ एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पोटा में किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विज्ञान नगीना की कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रतिमा गुप्ता द्वारा किसानों को खेत की उर्वरा शक्ति फसल चक्र के महत्व एवं फसलों के वैज्ञानिक प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। किसानों की आय बढ़ाने एवं किसानों की लागत को कम करने के उपाय के बारे में डॉ. गुप्ता द्वारा विस्तार से किसानों को बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान विनय कुमार ने की। किसानों को श्री अन्न योजना एवं उर्वरक प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम में सागर तोमर, धर्मेंद्र कुमार, घनश्याम सिंह, राजेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, राजवीर सिंह, सुखबीर सिंह, कर्मवीर सिंह आदि किसानों ने भाग लिया।**

# रोटरी क्लब के शिविर में 72 लोगों का हार्ट चैक किया गया



**हल्दौर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब हल्दौर द्वारा नि:शुल्क हार्ट चैकअप कैंप लगाया गया। कैंप में 72 मरीजों का विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा चैकअप किया गया। कैंप चेयरमैन रो.अभिषेक कुमार ने बताया कि स्थानीय पुरुषोत्तम नर्सिंग होम पर रोटरी क्लब हल्दौर द्वारा मैट्रो हॉस्पिटल नोएडा के सहयोग से लगाए गए नि:शुल्क हार्ट चैकअप कैंप में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मुमुक्षु आर्य द्वारा नगर क्षेत्र से आए 72 मरीजों का चैकअप कर उन्हें आवश्यक सलाह दी गई। हार्ट चैकअप कैंप में मरीजों का वेट, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी आदि सभी जांचें नि:शुल्क की गईं। मैट्रो हॉस्पिटल नोएडा की टीम के अवशेष कुमार, रवि ढिल्लन, यतेंद्र यादव, विवेक शर्मा ने विशेष सहयोग दिया। रोटरी क्लब अध्यक्ष रो.नवीन कुमार, डॉ. राजीव शरण शर्मा, डॉ. हेमचंद राणा, भवानी प्रसाद मारवाड़ी, अनिल सिंह, जितेंद्र मारवाड़ी, प्रदीप कुमार, देवेंद्र रस्तोगी, धर्मेंद्र रस्तोगी, अनुज मारवाड़ी व समाजसेवी राजीव कुमार आदि ने कैंप के आयोजन में अपना विशेष सहयोग दिया।

# डॉ. राजीव अग्रवाल की दो पुस्तकों का विमोचन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय शाहजहांपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन 'आर्टफिशल इन्टेलिजन्स एण्ड इट्स एमरजिंग एरिया' विषय पर किया गया, जिसमें वर्धमान कॉलेज के डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। वहीं सेमीनार में डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल द्वारा एडिटेड 'आर्टफिशल इन्टेलिजन्स अपाचयूनिटीज एण्ड चैलेंज' तथा 'विकसित भारत @ 2047 स्टेप्स टूवर्ड्स सस्टैनबल डेवलपमेंट एण्ड प्रास्पेरिटी' नामक दो पुस्तकों का विमोचन स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय शाहजहांपुर के प्रथम कुलगुरु प्रोफेसर पीबी सिंह, विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के डीन प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के असोसिएट प्रोफेसर केके वर्मा आदि के द्वारा किया गया।

# कालागढ़ डैम की मनमोहक छटा देख अभिभूत हुये कर्नल संदीप कर्णवाल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** रविवार को आर्मी से रिटायर कर्नल/नगर के प्रसिद्ध कारोबारी हरिश्चंद्र कर्णवाल के बड़े दामाद संदीप कर्णवाल परिवार सहित कालागढ़ डैम पहुंचे। कालागढ़ डैम की प्रसिद्धि और प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में जानकारी मिलने के बाद वह पहली बार यहां पहुंचे थे।

डैम की मनमोहक छटा, प्राकृतिक वातावरण और किए गए सौंदर्यीकरण कार्य को देखकर संदीप कर्णवाल काफी प्रभावित हुए। उन्होंने क्षेत्र की खूबसूरती की सराहना करते हुए कहा कि कालागढ़ डैम प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ ऐतिहासिक महत्व रखने वाला प्रमुख स्थान है। इस दौरान जब उन्हें डैम परिसर में स्थित शहीद स्मारक के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने कालागढ़ डैम के निर्माण में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले 88 लोगों को नमन करते हुए उन्हें सेल्यूट किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों के त्याग, बलिदान और मेहनत के कारण ही आज यह ऐतिहासिक डैम अस्तित्व में है, जिसे आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी। गौरतलब है कि दिल्ली निवासी कर्नल संदीप कर्णवाल, हरिश्चंद्र कर्णवाल की सात बेटियों में सबसे बड़े दामाद हैं।

इस अवसर पर उनकी पत्नी रितु कर्णवाल, शरद कर्णवाल, शिवानी कर्णवाल, बबली कर्णवाल, मोनिका कर्णवाल, जोली कर्णवाल, मीली कर्णवाल, जूही कर्णवाल, दीपाली कौशिक सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



परिवार सहित कालागढ़ डैम पर मौजूद कर्नल संदीप कर्णवाल।

# मेधावियों को प्रदान किये एकलव्य पुरस्कार



**चांदपुर ( चिंगारी )।** जाट जागरण समिति चांदपुर की ओर से एकलव्य पुरस्कार/सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के, समाज के 170 मेधावी छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों के साथ-साथ, विभिन्न स्कूलों के प्रबंधकों व पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

यहां नूरपुर रोड स्थित एक विवाह मंडप में आयोजित कार्यक्रम में जाट जागरण समिति के अध्यक्ष डा. विकास तोमर ने कहा कि समिति का उद्देश्य समाज के हर

## जाट जागरण समिति का सराहनीय कार्य

धर्म व वर्ग के लोगों में शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रसार करना है। कार्यक्रम में जाट जागरण समिति के संरक्षक डा. लाखन सिंह चौधरी, डा. महेंद्र मलिक, जितेंद्र सिंह, संयोजक डा. संदीप चौधरी, कोषाध्यक्ष सचिन अहलावत, जयपाल सिंह, जयविंद, विकल्प तोमर, डा. सुयश, डा. कपिल कुमार, डा. आकाश चौधरी, बादल तोमर, पुष्पेंद्र, राजेश तोमर, प्रशांत कुमार, रूप सिंह, आकाश राणा, सचेंद्र सिंह, अजय कुमार, राहुल तोमर के साथ-साथ डा. खूब सिंह, विवेक कर्णवाल,डा. अनिल सिंह, विकास गुप्ता रॉकी, हरवीर सिंह तोमर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिन अहलावत ने किया। अंत में संयोजक डॉ. संदीप चौधरी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मालूम हो कि जाट जागरण समिति की ओर से प्रतिवर्ष मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता है।

धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# इलेक्ट्रोनिक्स की दुकान से दो युवकों ने नाटकीय ढंग से तार के बंडल चुराये

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर के पीएनबी रोड स्थित अति व्यस्त रामलीला मार्केट में दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना से व्यापारियों में रोष फैल गया। चोरों ने एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान को निशाना बनाते हुए बेहद शातिराना तरीके से वारदात को अंजाम दिया। पाठक इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक नगर के मोहल्ला किला निवासी संदीप शर्मा ने बताया कि दोपहर बाद उनकी दुकान पर दो युवक पहुंचे। दोनों युवकों ने सामान खरीदने की बात कही। इसी दौरान एक युवक उन्हें सामान दिखाने के बहाने गोदाम में ले गया, जबकि उसका दूसरा साथी दुकान पर ही बैठा रहा। संदीप शर्मा के अनुसार गोदाम में ले जाने के बाद कुछ देर में वह

## घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

युवक किसी जरूरी काम का बहाना बनाकर अचानक दुकान पर वापस आ गया। इसके बाद दोनों युवकों ने मौका देखकर दुकान से सामान चोरी कर लिया और बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार दोनों युवकों की बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। दुकानदार ने बताया कि युवक दुकान से 20 हजार रुपये से अधिक कीमत के तार के बंडल चोरी कर ले गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के बाद व्यापारियों ने पुलिस से जल्द खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विजेंद्र राठी का कहना है कि पीड़ित द्वारा थाने पर सूचना दे दी गई है। सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# अब रविवार को भी बनेंगे आधार कार्ड



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए डाक विभाग दृढ़ संकल्पित है। श्री धर्मेश गगनेजा अधीक्षक डाकघर बिजनौर मंडल ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए अब प्रधान डाकघर बिजनौर व धामपुर में रविवार को भी सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आधार कार्ड बनाएं जाएंगे। साथ ही आधार कार्ड के संशोधन का भी काम होगा। उन्होंने बताया कि पहले प्रतिदिन 60-70 आधार कार्ड बनते थे, अब 130 से अधिक आधार प्रतिदिन बन रहे हैं। उन्होंने लोगों से सुविधा का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# मेधावी छात्रों और बुजुर्गों को सम्मानित किया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** रविवार को राधाकृष्ण विवाह मंडप में महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों एवं मेधावी छात्र-छात्राओं तथा बुजुर्गों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में पूरन सिंह, सी.पी.सिंह, राजकुमार सिंह, नरेश वत्स, मीनू सिसोदिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा बुजुर्गों को सम्मानित कर उनके अनुभव, त्याग एवं समाज के प्रति योगदान को नमन किया गया। भविष्य में भी शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, प्रतिभा सम्मान एवं समाज हित से जुड़े ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।



मेधावी छात्र को सम्मानित करते सीपी सिंह व अन्य अतिथि।

यह सम्मान समारोह सामाजिक एकता, भाईचारे, संस्कार एवं क्षत्रिय समाज के गौरव को बढ़ाने वाला एक ऐतिहासिक एवं यादगार आयोजन सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुनीता चौहान और अनिल चौहान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने में आयोजक अनिल चौहान, रितेश चौहान, राजेश चौहान का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया, डायरेक्टर विनीत देवरा, यश कुमार, महेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, डॉ.जितेंद्र कुमार सिंह, गजेंद्रपाल सिंह, सतेंद्र कुमार सिंह, भावेश कुमारी, पूनम देवी, प्रवेश देवी आदि उपस्थित रहे।

# सोने-चांदी के जेवर व नकदी चोरी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** मौहल्ला गोविंदनगर निवासी राजीव कुमार शर्मा नगर के नीटू जोशी के मकान में किराये पर रहते हैं, वह यहां अपने बच्चों को पढ़ा-लिखा रहे थे। राजीव कुमार ने बताया है कि लाइट न आने की वजह से उनकी पत्नी बरामदे में सो रही थी। चोरों ने सेफ अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात तथा पांच हजार रुपए नकदी सहित लाखों रुपए की चोरी को अंजाम दिया है। सुबह उठने पर जब कमरों में जाकर देखा तो अलमारी का दरवाजा खुला पड़ा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना का बारीकी के साथ जायजा लिया। थाना प्रभारी परवेज कुमार ने बताया कि चोरी की घटना का खुलासा शीघ्र किया जायेगा।



# सेपक टकरा में बिजनौर व पीलीभीत ने ट्रॉफी जीतीं

## वालीबॉल में बरेली का दबदबा रहा

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद बिजनौर की मेजबानी में आयोजित तीन दिवसीय अंतरजनपदीय पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर (महिला/पुरुष) एवं सेपक टकरा प्रतियोगिता बरेली जोन-2026 का शनिवार को पुलिस लाइन बिजनौर में भव्य समापन हुआ। 12 जून से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में बरेली जोन के विभिन्न जनपदों की पुलिस टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन विभिन्न खेल स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

महिला सेपक टकरा के फाइनल मुकाबले में जनपद शाहजहांपुर और जनपद बिजनौर की टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए बिजनौर की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता की चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की।

पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में जनपद बिजनौर और जनपद पीलीभीत की टीम आमने-सामने थीं। कड़े मुकाबले में पीलीभीत की टीम ने 2-0 से विजय प्राप्त कर खिताब पर कब्जा जमाया, जबकि बिजनौर को उपविजेता से संतोष करना पड़ा।




पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में जनपद बदायूं और जनपद बरेली के बीच मुकाबला हुआ। बरेली की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बदायूं को 2-0 से पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम की।

महिला वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले में भी जनपद बदायूं और जनपद बरेली की टीमें आमने-सामने रहीं। बरेली की महिला टीम ने बेहतरीन तालमेल और कौशल का परिचय देते हुए 2-0 से जीत दर्ज कर खिताब हासिल किया।

**समापन समारोह के दौरान बरेली जोन की सभी प्रतिभागी टीमों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। अधिकारियों ने खिलाड़ियों के अनुशासन, खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। पूरे आयोजन का उद्देश्य पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता, टीम भावना और खेल संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बिजनौर पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं की भी सराहना की गई।**

# योगी सरकार में उद्योग और व्यापार को गति मिली- अशोक गोयल

## व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान द्वारा बिजनौर में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन



**बिजनौर (चिंगारी)। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के तत्वावधान में रविवार को बिजनौर में व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फोरम के राष्ट्रीय संयोजक अशोक कुमार गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में श्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में सुरक्षा, सम्मान और सुशासन का माहौल बनने से उद्योग एवं व्यापार को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और व्यापारी सुरक्षा फोरम व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।**

सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव सच्चिदानंद शर्मा ने कहा कि व्यापारी के लिये देश सदैव सर्वोपरि रहा है। व्यापारी वर्ग बिना किसी भेदभाव के समाज तक आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने का कार्य करता है।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार गर्ग ने कहा कि व्यापारियों के साथ किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का विरोध किया जाएगा। प्रदेश महासचिव प्रदीप विश्वकर्मा ने कहा कि संगठन की इकाइयां प्रदेश के अधिकांश जिलों में सक्रिय हैं। वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल ने ऑनलाइन व्यापार को लेकर स्पष्ट नीति बनाए जाने की मांग उठाई। वहीं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वदीप गोयल ने छोटे कारोबारियों को किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर विशेष क्रेडिट कार्ड सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की।

मंडल प्रभारी अनिल कंबोज ने व्यापारियों से एकजुट रहने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल ने कहा कि संगठन हर छोटे-बड़े व्यापारी के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री खगेश कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक आर.के. अहलावत, सहसंयोजक संजीव चौधरी, प्रदीप अग्रवाल, पल्लव अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, संजू शर्मा, सुनील गुप्ता, अजय फौजी, पंकज शर्मा, अरविंद ठाकुर, अंकित गोयल, नैपाल सिंह, अमित अग्रवाल, प्रमोद नामदेव, आशीष शर्मा, विकास देव, अमित शर्मा सहित चांदपुर, नजीबाबाद, हल्दौर, चंदक, गंज, किरतपुर, स्योहारा, भागूवाला और टांडा माईदास क्षेत्र के व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मानपुर, कामराजपुर, चंदोक की टीमें जीतीं

## 16वीं बजरंग क्रिकेट प्रतियोगिता

**नांगल सोती (चिंगारी)।** 16वीं बजरंग क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गये लीग मैचों में मानपुर, कामराजपुर और चंदोक की टीमों ने जीत हासिल की।

बजरंग क्रिकेट क्लब हरचंदपुर द्वारा गंगा खादर क्षेत्र में गंगा मंदिर के पास स्थित मैदान पर विगत 12 जून को उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया था। रविवार को तीसरे दिन खेले गये लीग मैचों में पहला मैच अपराहन 2.30 बजे से मानपुर और चमरौला की टीमों के बीच खेला गया। मानपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 102 रन बनाये। रवि ने सर्वाधिक 54 और आशु ने 24 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चमरौला की टीम लवी के 40 तथा सचिन के 18 रनों की बदौलत निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 100 रन ही बना सकी। मानपुर के रवि को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मुकाबला कामराजपुर और हरचंदपुर की टीमों के बीच खेला गया। हरचंदपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 5 विकेट पर 49 रन बनाये। नितिन ने 13 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भोगेन्द्र के 27 और छोटू के 13 रनों की बदौलत कामराजपुर की टीम ने 7 वें ओवर में 50 रन बनाकर 5 विकेट से मुकाबला जीत लिया। कामराजपुर के भोगेन्द्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच चंदोक और खानपुर की टीमों के मध्य खेला गया। खानपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवरों में बिना विकेट खोये 76 रन बनाये। विरल ने शानदार 52 और विकास ने 18 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंदोक की टीम ने तीन विकेट खोकर अंतिम बॉल पर 77 रन बनाकर मैच जीत लिया। अनूप ने 42 रन बनाये, जिसके लिये उसे मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के आयोजक डालचंद पाल ने तीनों मुकाबलों के मैन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंपायर सत्येन्द्र और रुपेश राजपूत रहे।



मैन ऑफ द मैच रवि को सम्मानित करते टूर्नामेंट के सहयोगी।

### सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमें

**प्रतियोगिता में नांगल सोती, भागूवाला, मानपुर और कामराजपुर की टीमें दो-दो लीग मैच जीतकर पहले ही सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी हैं। इसलिये आज खेले जाने वाले मुकाबले केवल औपचारिक होंगे। आज शाम को लीग मैचों का समापन हो जायेगा। 17 जून को प्रतियोगित के दोनों सेमीफाइनल मैच खेले जायेंगे, जबकि फाइनल मुकाबला 18 जून को अपराहन 3.30 बजे से खेला जायेगा।**

# ससुराल वालों पर आठ माह की गर्भवती को ज़हर देकर मारने की कोशिश का आरोप

## गर्भ में पल रहे मासूम समेत मां की जान पर खतरा, आईसीयू में भर्ती

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला मुगलूशाह में मायके वालों ने ससुराल वालों पर 8 माह की गर्भवती महिला को कथित रूप से ज़हर देकर मारने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया गया है। परिजनों ने पीड़िता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार आईसीयू में चल रहा है। पीड़िता रुखसार पत्नी मारूफ के परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा लंबे समय से उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि आए दिन पैसों की मांग की जाती थी, मांग पूरी न होने पर मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान किया जाता था। परिजनों का यह भी कहना है कि गर्भवती होने के बावजूद रुखसार की उचित देखभाल नहीं की जा रही थी। रविवार शाम करीब 8 बजे रुखसार की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसकी हालत तेजी से खराब होने लगी, जिसके बाद परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे आईसीयू में भर्ती कर लिया। बताया जा रहा है कि उपचार के दौरान ज़हर दिए जाने की आशंका जताई गई, जिसके बाद मामला गंभीर हो गया। घटना को लेकर पीड़िता के पिता रियाजुल हक उर्फ भोलू (डिश वाले) ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर ससुराल पक्ष के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि उनकी बेटी को योजनाबद्ध तरीके से नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया है, जिससे उसकी व गर्भ में पल रहे बच्चे की जान खतरे में पड़ गई। पुलिस ने तहरीर के आधारपर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि चिकित्सकीय रिपोर्ट व जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**नगर निजी नर्सिंग होम में आईसीयू में उपचाराधीन महिला।**



## पत्रकार इकबाल हिंदुस्तानी ने किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन



रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते वरिष्ठ पत्रकार इकबाल हिंदुस्तानी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व रक्तदाता दिवस पर के मौके पर रक्तदान-महादान टीम ब्लॉक नजीबाबाद को चार साल पूरे होने पर नजीबाबाद चैरिटेबिल ब्लड सेंटर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन नगर के वरिष्ठ पत्रकार व लेखक इकबाल हिंदुस्तानी ने फीता काटकर किया। रक्तदान शिविर में काफी लोगों ने अपना रक्तदान किया। नवेद फरीदी ने अब तक 56 बार खून देकर रिकॉर्ड बनाया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से कोई दिक्कत नहीं होती। सभी को समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। जिससे जरूरत पड़ने पर रक्त लोगों के काम आ सके। पिछले काफी वर्षों से रक्तदान टीम लोगों को जागरूक कर उनसे रक्तदान कराने व जरूरतमंदों को रक्त दिलाने में काफी अच्छी भूमिका निभा रही है। इस मौके पर रक्तदान करने वाले नवेद फरीदी सहित रक्तदान करने वाले अन्य लोगों को सर्टिफिकेट देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रक्तदान महादान टीम के संचालक फहीम अख्तर, नवेद फरीदी, अबरार अहमद आदि मौजूद रहे।

## जलालाबाद में तालाब पर अवैध रूप से मिट्टी भरान कर किया जा रहा कब्जा



नजीबाबाद (चिंगारी)। कस्बा जलालाबाद में एक स्थान पर पुराने तालाब पर मिट्टी का अवैध रूप से भरान कर कब्जा करने का काम चल रहा है। क्षेत्र क लोगों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर मिट्टी का अवैध रूप से भरान किया जा रहा है वह सरकारी तालाब है। रात दिन ट्रैक्टर-ट्रालियों से इस तालाब पर मिट्टी का अवैध रूप से भरान कर तालाब को पाटा जा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने इस मामले की जाच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज ने गांव में चौपाल लगाई, जागरूकता मार्च निकाला

नजीबाबाद (चिंगारी)। शहर के समीपवर्ती गांव जुल्फिकारपुर उर्फ़ गढ़ी में टीम स्वराज के द्वारा एक महिला चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें पहले टीम के द्वारा गांव में नशे के विरुद्ध जागरूकता मार्च निकाला तथा महिला चौपाल लगायी गयी। टीम प्रबंधक हरवेंद्र राणा ने महिलाओं को संगठित होने के लाभ बताये व सामाजिक बुराइयों से कैसे अपने परिवार को बचायें तथा समाज में भी जागरूकता अभियान चलाए। जिला अध्यक्ष निशि चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम के द्वारा टूटते हुए रिश्तों पर पिछले काफी समय से कार्य किये जा रहे हैं, सफलता भी मिल रही है। सोनू चौधरी तहसील अध्यक्ष नजीबाबाद ने बताया कि टीम स्वराज के द्वारा सभी तहसीलों पर गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शरबत पिलाने का कार्य चल रहा है। सीमा चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद ने महिलाओं की समस्याएं सुनी व उनके निस्तारण के लिए आश्वासन दिया व जल्द ही ब्लॉक के दूसरे गाँवों में भी महिला चौपाल लगाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी विकास चौधरी, मंडल अध्यक्ष बब्लू चौधरी, रोनेश, कलीराम सिंह, पंकज, रमेश, रावेंद्र चौधरी, प्रेम, चेतन, गंगाराम सिंह, आरुष, अंश, जिशान, रवि कुमारत, गगन कुमार, तिलकराज, रवि कुमार, मंडल सचिव रीता देवी, मेनका तोमर, सीमा चौधरी, सोनू चौधरी, सुमन, सुनिता, बबीता कुमारी, बबीत, मंगनो देवी, रिंकू चौधरी, ललिता, दिशा, रिया, आरवी, कमलेश, खुशी, विनोद, जैस्मीन, रीता, सुदेशना देवी, यशिका, बबीता, रश्मि, शगुन आदि मौजूद रहे।



## कई बाइकें चोरी होने पर पुलिस ने स्टैब्स ग्राउंड में ताला लगाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्टैब्स ग्राउंड में एक के बाद एक कई बाइकें चोरी होने के बाद स्थानीय पुलिस ने स्टैब्स ग्राउंड को ताला लगाकर बंद कर दिया है, जिससे स्टैब्स ग्राउंड में प्रतिदिन खेलने व वॉक करने वालों में रोष है। नगर के स्टैब्स ग्राउंड पर नगर पालिका परिषद ने पिछले दिनों खिलाड़ियों के खेलने सहित बच्चों के मनोरंजन के लिए अनेक व्यवस्थाएं कराई थीं। इसके बाद से स्टैब्स ग्राउंड पर प्रतिदिन सुबह शाम काफी संख्या में खिलाड़ी पहुंचकर खेल रहे थे। सुबह शाम शहर के काफी लोग स्टैब्स ग्राउंड पर घूमने के लिए भी आ रहे थे। इसी बीच स्टैब्स ग्राउंड के बाहर खिलाड़ियों द्वारा खड़ी होने वाली बाइकों में से एक के बाद एक तीन बाइकें चोरी हो गई थीं। खिलाड़ियों का कहना है कि जिस पर स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई कर बाइकें चोरी रोकने के बजाए स्टैब्स ग्राउंड की पहले लाइटें बंद कराकर वहां खिलाड़ी न आए यह किया गया इसके बाद भी जब खिलाड़ी आना कम नहीं हुए तो पुलिस ने पहले चेयरमैन से स्टैब्स ग्राउंड के गेट पर ताला लगवाया तथा बाद में स्टैब्स ग्राउंड पर अपना ताला लगा दिया। नगर के खिलाड़ियों व लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ताला खुलवाने की मांग की है। उधर इस संबंध में चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने बताया कि स्टैब्स ग्राउंड पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने व वहां चौकीदार रखने के लिए टेंडर निकाल दिया है। जल्दी ही यह व्यवस्था खिलाड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था व चोरी की घटनाएं रोकने के लिए की जाएगी।

## बंदरों ने ठेले से भुट्टे उठाये, दुकानों की छतों पर बैठकर खाये

धामपुर (चिंगारी)। रविवार की शाम बांस मंडी में ठेले पर भुट्टे बेच रहे एक व्यक्ति पर बंदरों ने हमला कर दिया। जिससे मार्केट में अफरा तफरी मच गई। इसी बीच बंदरों ने ठेले पर से लगभग एक दर्जन भुट्टे उठा लिए और दुकानों की छतों पर जाकर उनको आराम से खाया। मोहल्ला मंदिर चंपा देवी निवासी रवि किशन सैनी प्रतिदिन भूटटो का ठेला लगाकर अपने परिवार की गुजर बसर करता है। रविवार को भी उसने ठेला लगाया था। भुट्टे बेचने के लिए उसने अपना ठेला बांस मंडी में खड़ा कर लिया। वह ग्राहकों के लिए भूटटो को सेक ही रहा था कि अचानक बंदरों ने ठेले पर हमला कर दिया और उसके लगभग एक दर्जन भुट्टे उठाकर ले जाकर दुकानों की छतों पर बैठकर आराम से खाने लगे। आसपास के लोगों ने लाठी डंडों से फटकार कर बंदरों को भगाया और ठेलेवाले को समझाया जिस पर वह ठेला सुरक्षित स्थान पर लेकर चला गया।

## बहुत संकरा है चूड़ी बाजार, मुश्किल से निकलते हैं बाइक सवार

धामपुर (चिंगारी)। वैसे तो नगर के अनेक मोहल्लों में अतिक्रमण और जाम की समस्या बनी हुई है, परंतु फल चौक पर स्थित जामा मस्जिद के पास चूड़ी मार्केट में अतिक्रमण और जाम के कारण वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों के साथ व्यापारी अभद्रता और गाली गलौज करने में गुरेज नहीं कर रहे हैं। फल चौक स्थित जामा मस्जिद के पास स्थिति संकरी गली में चूड़ी का मार्केट बना हुआ है। इस गली में रास्ता इतना संकरा है कि एक बाइक सवार भी बड़ी मुश्किल से यहां से निकल पाता है, परंतु यहां दुकान करने वाले दुकानदार दुकानों के आगे बेंच डालकर सामान तो रखते ही हैं, उसी के साथ पार्किंग ना होने के कारण अपनी बाइक भी वहीं खड़ी कर लेते हैं। ऐसे में जब कोई बाइक सवार इस रास्ते से गुजरता है तो आसपास के दुकानदार उसके साथ दुर्व्यवहार और गाली गलौज करते हैं। मोहम्मद अफजाल, इकरार ,सलमान आदि ने पुलिस प्रशासन से अतिक्रमण हटाने और नगर पालिका से पार्किंग स्थल बनवाने की मांग की है।

# 21 जून को मनाया जायेगा रोटरी क्लब कोटद्वार का स्वर्ण जयंती समारोह




**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब कोटद्वार की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर 21 जून को स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित करेगा। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक श्रीमती रितु भूषण खंडूरी मुख्य अतिथि होंगी। यहां एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में क्लब के अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने बताया कि कोटद्वार में 21 जून 1976 को क्लब की स्थापना हुई थी। इसी उपलक्ष्य में इस वर्ष क्लब ने स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान रोटरी क्लब कोटद्वार का 50 वर्ष का सफरनामा भी प्रस्तुत किया जाएगा।

इस मौके पर समारोह के संयोजक वाई पी गिल्ला ने रोटरी क्लब के 50 वर्षों में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रुप स्टडीज ऐक्सचेंज के तहत क्लब के द्वारा विदेशों में भेजे गए 17 प्रतिभागियों का सम्मान, चार्टर सदस्यों मंडल के सभी मंडल अध्यक्षों व रोटरी क्लब के अब तक के सभी 50 अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर गोपाल बंसल, विजय कुमार महेश्वरी, सचिन गोयल, विजय कुमार, कमल गुप्ता, अमित अग्रवाल, अनीत चावला, ज्योति स्वरूप उपाध्याय, संजीव अग्रवाल, मनीष अग्रवाल व दिनेश रस्तोगी आदि मौजूद थे।

# बिना जानकारी विकासपरक योजनाओं का विरोध उचित नहीं : जानकी वल्लभ

## कंचनपुरी में ट्रेंचिंग ग्राउंड का मामला

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड विकास समिति ने भाबर के हल्दूखाता के कंचनपुरी में प्रस्तावित ट्रेंचिंग ग्राउंड परियोजना को जनहित और शहर के विकास के लिए आवश्यक बताते हुए लोगों से सहयोग की अपील की है। समिति का कहना है कि विकासपरक योजनाओं का बिना पूरी जानकारी के विरोध करना उचित नहीं है।

समिति के अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला और सह सचिव बृजमोहन ममगाई ने बताया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था जरूरी है। इसी उद्देश्य से कंचनपुरी में ट्रेंचिंग ग्राउंड का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समिति के पदाधिकारियों ने चिह्नित स्थल का निरीक्षण कर परियोजना से संबंधित जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि ट्रेंचिंग ग्राउंड का निर्माण आधुनिक तकनीक और सुविधाओं के साथ किया जाएगा। साथ ही परियोजना में पर्यावरणीय मानकों और प्रदूषण नियंत्रण संबंधी सभी नियमों का पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। समिति ने नगर निगम प्रशासन से आग्रह किया कि परियोजना की तकनीकी जानकारी और पर्यावरणीय पहलुओं को आमजन के समक्ष पारदर्शी तरीके से रखा जाए। इससे लोगों के बीच फैली भ्रांतियां दूर होंगी और परियोजना को लेकर सही जानकारी मिल सकेगी। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल और शशिमोहन उनियाल सहित समिति के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# मोटर मार्ग की हालत सुधारने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यमकेश्वर विधान सभा के अंतर्गत नैल बुधौली मोटर मार्ग की हालत सुधारने और अन्य क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर यमकेश्वर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले स्थानीय निवासियों ने बुधौली में धरना प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार से शीघ्र मोटर मार्ग की हालत सुधारने की मांग की। धरना प्रदर्शन के बाद यमकेश्वर उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा गया।

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विनोद डबराल और जिला पंचायत सदस्य गुमालगांव कविता डबराल व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल रतूड़ी के नेतृत्व में आयोजित धरना प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि पूरी यमकेश्वर विधान सभा की सड़कें बदहाल हो गई हैं, सड़कों पर गड्ढे पड़े हुए हैं। इन सड़कों से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। वहीं पूरी विधान सभा में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं, आमजन को इलाज के लिए अन्यत्र जाना पड़ रहा है। वर्तमान में विधान सभा के कई गांवों में पेयजल संकट गहराया हुआ है, लेकिन जन प्रतिनिधि व स्थानीय विधायक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। चेतावनी दी गई कि समस्याओं का शीघ्र समाधान न होने पर जन सहयोग से उग्र आंदोलन किया जायेगा। धरना प्रदर्शन में राजीव जखमोला, विक्रम सिंह, गजपाल सिंह, चंद्रमोहन सिंह, भगत सिंह, बचन सिंह, महेंद्र सिंह, सुखवीर सिंह, रमेश नेगी, सुनीता देवी, संतोषी देवी और नीलम देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# रक्तदान दिवस पर 'एम्स' ने निकाली मैराथन रैली

## लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अन्तर्राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। यह विशेष दिन सुरक्षित रक्त की आवश्यकता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और निस्वार्थ भाव से जीवन बचाने वाले रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करने के लिए समर्पित है। रक्तदाता दिवस पर एम्स ऋषिकेश द्वारा भव्य मैराथन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें संत निरंकारी मिशन के सेवादल एवं संत चेरिटेबल फाउंडेशन के वॉलिंटियर्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के माध्यम से संत निरंकारी मिशन के वॉलेंटियर्स ने रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहना चाहिए, मानवता की सेवा एवं रक्तदान से जुड़े भ्रमों को दूर करने के प्रेरक नारे से समाज को जागरूक किया।

रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। इसके विपरीत, यह शरीर के भीतर नई रक्त कोशिकाओं के निर्माण की प्रक्रिया को सक्रिय करता है, जिससे स्वास्थ्य बेहतर होता है। मैराथन रैली के सफल समापन पर एम्स प्रशासन ने इस आयोजन को भव्य और प्रभावी बनाने के लिए संत निरंकारी मिशन के सभी सेवादल सदस्यों और वॉलेंटियर्स का विशेष रूप से धन्यवाद किया। प्रशासन ने कहा कि इन युवाओं के सहयोग से समाज में एक बेहद सकारात्मक और कल्याणकारी संदेश गया है, जो आने वाले समय में लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा।

# चन्द्र किशोर असवाल बने योग दिवस कार्यक्रम प्रभारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति की समिति कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान आगामी 21 जून को योग दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी दिनेश जुयाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विजय नौटियाल को योग दिवस कार्यक्रम प्रभारी, चंद्र किशोर असवाल को व्यवस्था संयोजक, उषा असवाल को योग दिवस कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के हिसाब से कराने संबंधी संयोजक, रश्मि केडियाल को मीडिया प्रभारी एवं राकेश कंडवाल व सुनील रावत को योग प्रतियोगिता संयोजक का दायित्व दिया गया। मौके पर आम जन से योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

# अभिकर्ताओं को एलआईसी की नवीन योजनाओं से अवगत कराया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कोटद्वार की बैठक में अभिकर्ताओं को नवीनतम जानकारी दी गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभिकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। नजीबाबाद रोड स्थित एक होटल में आयोजित विकास अधिकारी डीपी सिंह की टीम के अभिकर्ताओं को मुख्य अतिथि शाखा प्रबंधक एन एस कुटियाल ने एलआईसी की नवीनतम योजनाओ नवजीवन साथी, बीमा लक्ष्मी, जीवन उत्सव, जीवन उमंग, जीवन लक्ष्य व यूलिप आधारित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओ की विस्तार से जानकारी दी। सहायक शाखा प्रबंधक श्री राम जसरथ व एहतेशाम अहमद ने अभिकर्ताओं को नव व्यवसाय वृद्धि एवं उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर गत वित्त वर्ष के शीर्ष अभीकर्ताओं को सम्मानित किया गया, इनमें संजय रावत, जगत सिंह रावत, अमित कुमार, बलबीर सिंह गुसाईं, श्रीमती मीना नेगी, सुरेश डोबरियाल, श्रीमती अंकिता रावत, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, विनोद रावत, शामिल थे।




महिला अभिकर्ता को सम्मानित करते हुये एलआईसी अधिकारी।

# खोह नहर में पानी छोड़ने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बालासौड़ क्षेत्र के काश्तकारों ने दांयीं खोह नहर में सिंचाई के लिए पानी छोड़ने की मांग की है। कहा कि नहर में पानी न आने से उनकी धान की पौध की बुवाई नहीं हो पाई है साथ ही मौसमी सब्जियों की खेती पर भी संकट मंडरा रहा है। इस संबंध में क्षेत्रीय काश्तकार पातीराम ध्यानी, अजय रावत, संजय गौड़ व नवीन कोटनाला ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा पिछले दो माह से मरम्मत के नाम पर नहर का पानी बंद रखा गया है। बरसात नजदीक होने के बाद भी विभाग न तो नहर की मरम्मत करा पाया है और न ही नहर में पानी छोड़ रहा है। कहा कि इस संबंध में वे उपजिलाधिकारी को भी ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मौके पर काश्तकारों ने उपजिलाधिकारी से संबंधित विभाग को इस संबंध में निर्देशित करने की मांग की।

# चांदपुर में फिर नज़र आया गुलदार

**चांदपुर ( चिंगारी )। तीन दिन के भीतर दूसरी बार चांदपुर-बास्टा रोड पर गुलदार दिखाई देने से लोगों में भय बना हुआ है। गुलदार के भय से ग्रामीण रात्रि के समय इस रोड पर मोटरसाइकिल से यात्रा करने से बच रहे हैं।**

बीती रात बास्टा निवासी कुछ लोग फोर व्हीलर से अपने घर जा रहे थे। बताया जाता है कि चांदपुर-बास्टा रोड पर स्थित नहर की पटरी पर गुलदार बैठा दिखाई देने पर वाहन सवार लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। मालूम हो कि तीन दिन पूर्व भी चांदपुर-बास्टा रोड पर हेजरपुर की पुलिया पर गुलदार बैठा दिखाई दिया था। चांदपुर हेजरपुर के बीच गुलदार के दिखाई देने से लोगों में भय बना हुआ है। गुलदार के भय से ग्रामीण रात्रि के समय मोटरसाइकिल से आने-जाने से बच रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की है व वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से सावधानी बरतने का अनुरोध किया है।

# मोहर्रम को लेकर झालू में पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील




**झालू ( चिंगारी )**। आगामी पर्व मोहर्रम को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को हल्दौर थाना पुलिस द्वारा कस्बा झालू में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व हल्दौर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ किया। फ्लैग मार्च कस्बे के प्रमुख मार्गों, मुख्य बाजार एवं विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरा। इस दौरान हल्दौर कोतवाल किशन अवतार ने नागरिकों, व्यापारियों एवं युवाओं से संवाद कर मोहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की, उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने संवेदनशील क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने लोगों से शांति एवं सद्भाव बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# जैद ने मजदूरों से कराई, नगर में सफाई

## सफाईकर्मियों की हड़ताल जारी



**नहटौर ( चिंगारी )**। सफाईकर्मियों की छह दिन से चल रही हड़ताल के बीच रविवार रात चेयरपर्सन पति जैद रशीद और सभासदों ने नगर की सफाई व्यवस्था की कमान संभाल ली। निजी मजदूरों को लगाकर नगर के विभिन्न मोहल्लों और मुख्य मार्गों पर जमा कूड़ा उठवाया गया तथा उसे डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाया गया। जैद रशीद ने बताया कि हड़ताल के कारण नगर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी को देखते हुए रविवार रात विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि देर रात शुरू हुआ अभियान तड़के करीब तीन बजे तक जारी रहा। गौरतलब है कि रविवार सुबह नगर पालिका प्रशासन की ओर से निजी मजदूरों से सफाई कार्य कराए जाने का सफाईकर्मियों ने विरोध किया था। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी के निर्देश पर पुलिस ने तीन कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया था। इसके बाद सभी सफाईकर्मी चेयरपर्सन के कैंप कार्यालय पहुंचे, जहां उनकी जायज मांगों पर विचार करने का आश्वासन देते हुए काम पर लौटने की अपील की गई। हालांकि कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त नहीं की और काम पर वापस नहीं लौटे।

# जहरीले सांप ने डसा, किसान चल बसा



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। खेत में दवाई छिड़कने गए एक किसान की जहरीले सांप के काटने से मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम प्रेमनगर पुक्खेवाला निवासी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि उनका भाई जसवंत कुमार ( 50 ) शनिवार की दोपहर खेत पर दवाई स्प्रे करने गया था। इस दौरान उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया, जिसे इलाज के लिए ग्राम रानीपुर कोपा जनपद बिजनौर ले जाया गया था, जहां उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। रेहड़ पुलिस ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।**

# हरिद्वार में मोक्ष धाम पर हुआ पुष्पा चक्रवर्ती का अंतिम संस्कार

**बिजनौर ( चिंगारी ) । राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक एवं पत्रकार पीसी चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा चक्रवर्ती हरिद्वार के गंगा घाट पर पंचतत्व में विलीन हो गईं। उनके असामयिक निधन पर शिक्षक जगत व पत्रकारों और समाजसेवियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया।**



विदित हो कि श्रीमती पुष्पा चक्रवर्ती का निधन कल रात एम्स ऋषिकेश में हो गया था उनकी पार्थिव देह ऋषिकेश से पहले बिजनौर फिर ग्राम सरवनपुर में उनके आवास पर पहुंची। दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में महिला और पुरुषों ने उनके अंतिम दर्शन किये और गहरा शोक व्यक्त किया। दोपहर एक बजे ग्राम सरवनपुर से उनकी अंतिम यात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभाग किया। उनकी अंतिम यात्रा में चिंगारी सांध्य दैनिक के संपादक डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी, राष्ट्रीय बेदाग केसरी के संपादक डॉ. यतेंद्र कुमार शर्मा, राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के जिला उपाध्यक्ष रामोद कुमार, दक्ष लोक के प्रधान संपादक एवं राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के जिला अध्यक्ष पंकज कुमार दक्ष, जाट महासभा के विजय पाल सिंह, राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के जिला मुख्य संरक्षक नानक चंद आढ़ती, जिला महामंत्री अरुण कुमार, डॉ. करन सिंह आदि प्रमुख रहे।

हरिद्वार में चंडी घाट स्थित मोक्ष धाम पर पूर्ण विधि विधान से श्रीमती पुष्पा चक्रवर्ती का अंतिम संस्कार हुआ तथा उनके ज्येष्ठ पुत्र मोनज कुमार चक्रवर्ती ने उनको मुखाग्नि दी। सूर्यमणि रघुवंशी तथा उद्योग जगत के मनीषचन्द्र अग्रवाल, अशेष अग्रवाल सहित सभी उपस्थित परिजनों, सम्बन्धियों ने आहुतियों के साथ उनकी सदगति की प्रार्थना की। बिजनौर टाइम्स ग्रुप के प्रधान संपादक एवं प्रेस कांसिल ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य चंद्रमणि रघुवंशी, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष मरगूब रहमानी,जिला मंत्री अनिल चौधरी, देवेंद्र सैनी, एसएम असलम, नितिन कौशिक, आसिफ अंसारी, तारिक रब्बानी, संजीव मिश्रा, प्रदीप दूबे, मुसब्बर हुसैन, संजीव चौधरी, अमानत अली, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद अजमल, सतीश त्यागी, रुकम राजपूत, डॉ. श्रवण कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

## शिक्षक जगत में शोक की लहर

शिक्षक जगत के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अशोक प्रजापति, संजीव त्रिवेदी, अभिमन्यु तिवारी, डॉ. बीएस बरार, हमजा,ऋ षिपाल, आरती मिश्रा, अमरेश, लाल बहादुर गंगवार,बलदेव प्रसाद पाण्डे, महावीर वर्मा, डीके कौशिक, कृपाल सिंह, पवन कुमार, इकलाख अहमद, वीर पालीवाल, चंदना दत्त, शिवनाथ शिव, उर्वशी, अजीत द्विवेदी, ठाकुर सिंह, शक्ति पटेल, उमाशंकर सिंह, पी नायक,नरेंद्र कुमार, सत्यपाल सिंह, जयपाल सिंह, नरेंद्र कुमार शर्मा, नीरज शर्मा, सोनिया रानी, शहादत हुसैन, अशोक कुमार गुप्ता, शशी चौहान, रेखा सैनी, हकीमुद्दीन,जमरूद जहां, सुनीता ढुल्ल, शंकर साहू, अवदेश झा, रामभरोसे वर्मा, अखिलेश्वर पाठक, डॉ. राजकुमार त्यागी, सीमा कुमारी, प्रमोद शुक्ला, सुनील पांडे, चमन शुक्ला, मीना याग्निक, प्रदीप नेगी, मधुरिमा तिवारी आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों डॉक्टर आकाश अग्रवाल, सुनील कुमार प्रजापति, रामपलट सिंह, डॉक्टर सुमन गुप्ता, रेनू सिंह, अमित शर्मा,नवीन दीक्षित, डॉक्टर निर्मला गुप्ता, अनु, डॉ. रीतू श्रीवास्तव, हरपाल सिंह, सुधीर राणा, बृजपाल राठी, संजय कुमार यादव, होरी लाल राजपूत,राखी अग्रवाल, वंदना सिंह, राजकुमार सिंह, मनोज कुमार, शीला चतुर्वेदी,नरेश पाल सिंह, एस नीरजा, कमलकांत पालीवाल,दुर्गेश कुमार मिश्रा, बहुरण सिंह, डॉक्टर गुरु प्यारी,मंजू वर्मा, श्रीराम, डॉक्टर एचपी पाठक, सीमा राजन, आर के यादव,अशोक कुमार पाल,शीला सिंह गीता कुमारी, हरिचरण,निशंक जैन, डॉक्टर विनय पांडे,आशा सिंह, जितेंद्र सिंह आदि ने श्रीमती पुष्पा चक्रवर्ती के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# देहरादून में वकील की गोली मारकर हत्या

## आक्रोशित लोगों ने शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

**देहरादून ( चिंगारी )।** राजधानी देहरादून के पटेल नगर क्षेत्र में एक अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या किए जाने से सनसनी फैल गई। शिमला रोड स्थित बुड्डी गांव में देर रात हुई इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया और जाम लगा दिया।

जानकारी के अनुसार अधिवक्ता सोहेल देर रात अपने घर पर मौजूद थे। उसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। बताया जा रहा है कि घटना के समय उनका भाई घर के दूसरे कमरे में खाना खा रहा था। गोली चलने की आवाज सुनकर जब वह बाहर आया तो सोहेल खून से लथपथ फर्श पर पड़े मिले। गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पटेल नगर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोभाल भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

हत्या की खबर फैलते ही क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव को शिमला बाईपास रोड पर रखकर जाम लगा दिया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने काफी देर तक समझाइश के बाद प्रदर्शनकारियों को शांत कराया, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अज्ञात हमलावरों ने अधिवक्ता सोहेल को गोली मारी, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है। मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं।

# उत्तराखण्ड में स्नातक स्तरीय परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा रविवार को प्रदेशभर में शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। पेपर लीक के कारण पूर्व में निरस्त की गई परीक्षा के बाद इस बार आयोग और सरकारी मशीनरी की सख्ती का असर देखने को मिला। परीक्षा में करीब 73 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज हुई, जो पिछली परीक्षा की तुलना में लगभग तीन प्रतिशत अधिक है।

प्रदेश के सभी 13 जिलों में स्थापित 449 परीक्षा केंद्रों पर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक एक ही पाली में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के लिए कुल 1,54,603 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1,14,635 उम्मीदवारों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड किए। इनमें से 83,254 अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा में शामिल हुए। आयोग के अनुसार कुल उपस्थिति 72.62 प्रतिशत रही।

यह परीक्षा सितंबर 2025 में आयोजित हुई स्नातक स्तरीय परीक्षा के स्थान पर कराई गई, जिसे पेपर लीक के आरोपों के बाद निरस्त कर दिया गया था। उस दौरान प्रश्नपत्र के कुछ पन्ने सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद युवाओं ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किया था। ऐसे में इस बार आयोग के सामने परीक्षा को निष्पक्ष और विवादमुक्त तरीके से संपन्न कराने की बड़ी चुनौती थी।

परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने व्यापक सुरक्षा और तकनीकी व्यवस्थाएं की थीं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, जैमर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित निगरानी कैमरे लगाए गए थे। आयोग के कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की लाइव मॉनिटरिंग की गई। साथ ही आईटी विशेषज्ञों की सेवाएं भी ली गईं।

अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की गई और पुलिस द्वारा प्रत्येक केंद्र पर फ्रिस्किंग की व्यवस्था की गई। परीक्षा से पहले राज्य की सीमाओं, होटल, लॉज, ढाबों और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



यूकेएसएसएससी के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने कहा कि परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए थे। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की सुविधा और परीक्षा की शुचिता दोनों को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले।

# कैंची धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, बाबा नीब करौरी के जयकारों से गूंजा धाम



**देहरादून ( चिंगारी )।** विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज के कैंची धाम स्थापना दिवस मेले में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। सोमवार सुबह मंदिर के कपाट खुलने और विशेष आरती के साथ मेले का शुभारंभ हुआ। बाबा के दर्शन के लिए देश-विदेश से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर के बाहर देखने को मिलीं। पूरे धाम में बाबा नीब करौरी महाराज के जयकारों, भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा के पाठ से भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

> **कैंची धाम में उमड़ी श्रद्धा और आस्था की यह विराट तस्वीर एक बार फिर बाबा नीब करौरी महाराज के प्रति भक्तों की अटूट आस्था को दर्शा रही है। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और श्रद्धालु बाबा के दर्शन को अपने जीवन का सौभाग्य मान रहे हैं।**

मेले की पूर्व संध्या से ही श्रद्धालुओं का कैंची धाम पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह होते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते हुए भक्ति में लीन नजर आए। प्रशासन का अनुमान है कि स्थापना दिवस मेले में इस बार भी लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुंचेंगे।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नैनीताल जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में हैं। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद बनाने के लिए जिला पुलिस के साथ-साथ एसडीआरएफ, एटीएस, बम निरोधक दस्ता, एलआईयू और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया है। मेले की निगरानी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की भी विशेष तैनाती की गई है।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत तीन जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक, सात अपर पुलिस अधीक्षक, 14 क्षेत्राधिकारी तथा वायरलेस विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। करीब 1500 से अधिक पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान मंदिर परिसर, पार्किंग स्थलों, शटल सेवा केंद्रों और प्रमुख मार्गों पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। कैंची धाम की ओर जाने वाले मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भीमताल, भवाली, सैनिटोरियम, नैनीताल, खैरना, अल्मोड़ा, हल्द्वानी और काठगोदाम से नॉन-स्टॉप शटल सेवाएं संचालित की जा रही हैं।

# उत्तराखंड में खुलेगा त्रिभुवन केंद्रीय सहकारी विश्वविद्यालय का पीएमयू, एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड ने सहकारिता क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए देश का पहला राज्य बनने का गौरव प्राप्त किया है, जहां त्रिभुवन केंद्रीय सहकारी विश्वविद्यालय के सहयोग से प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) स्थापित की जाएगी। इस संबंध में रविवार को सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में सचिव सहकारिता डॉ. इकबाल अहमद और त्रिभुवन केंद्रीय सहकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शाश्वत विश्वास के बीच पांच वर्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।



इस समझौते के तहत स्थापित होने वाली पीएमयू उत्तराखंड में सहकारिता क्षेत्र के नवाचार, अनुसंधान, क्षमता विकास और संस्थागत सुदृढ़ीकरण का प्रमुख केंद्र बनेगी। यह यूनिट सहकारिता क्षेत्र में नई संभावनाओं की पहचान, वैज्ञानिक अध्ययन, नीति निर्माण में सहयोग तथा सहकारी संस्थाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में कार्य करेगी।

पीएमयू के माध्यम से प्रदेश की प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स), जिला सहकारी बैंकों, बहुउद्देशीय सहकारी समितियों और अन्य सहकारी संस्थाओं को प्रशिक्षण, क्षमता विकास, व्यवसायिक मॉडल निर्माण, विपणन सहायता, प्रबंधन सुधार तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग में सहयोग प्रदान किया जाएगा।

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा और ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में त्रिभुवन केंद्रीय सहकारी विश्वविद्यालय की पीएमयू की स्थापना राज्य के लिए गर्व का विषय है।

इस अवसर पर त्रिभुवन केंद्रीय सहकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शाश्वत विश्वास ने कहा कि उत्तराखंड के साथ हुआ यह समझौता सहकारिता क्षेत्र में ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## वधू चाहिए

क्षत्रिय (ठाकुर) उम्र 34 वर्ष लम्बाई 5 फीट 8 इंच, सरकारी नौकरी बिजली विभाग को सुंदर घरेलु, सुशील कन्या चाहिए।
सम्पर्क करें- 8218839150


# निकाह के बाद बाइक मांगने पर बारात की रुखसती रोकी

स्योहारा (चिंगारी)। निकाह के बाद दहेज में मोटरसाइकिल को लेकर विवाद हो गया, जिस पर परिजनों ने बारात को रुखसती की रस्मों के बिना वापस भेज दिया और दुल्हे व उसके साथ दो लोगों को रोक लिया। पुलिस ने बताया कि मामले का निपटारा हो गया है।

जनपद मुरादाबाद के थाना छजलैट के गांव चेतरामपुर से एक बारात थाना स्योहारा के गांव लाम्बाखेड़ा देर शाम पहुंची। बारात ने खाना खाया और निकाह की रस्म अदा की गयी, जिसके बाद रूखसती होने से पहले ही दुल्हे ने मोटरसाइकिल की मांग कर दी। मोटरसाइकिल की बात सुनते ही विवाद हो गया। घंटों के बाद बारात बिना रूखसती के ही वापस हो गयी। जबकि दुल्हे को उसके दो साथियों के साथ परिजनों ने रोक लिया। लड़के के परिजनों ने बताया कि अभी तक दुल्हा नहीं आया है। मामले का निपटारा करने जाएगे। उधर पुलिस का कहना है कि मामले का निपटारा हो गया है रूखसती की जाएगी।


DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774











